





हिन्दी मासिक

# माली सैनी सन्देश

जोधपुर

निष्पक्ष, निडर, नीतियुक्त पत्रकारिता

• वर्ष : 11 • अंक 125 • नवम्बर - 2015 • • मूल्य : 15/-




ज्योति बा फुले की 125वीं पुण्य तिथि पर नई दिल्ली में आयोजित ओबीसी एकता रेली में संपूर्ण भारत से उमड़ा माली सैनी समाज



ओबीसी एकता रेली में केन्द्रीय मंत्री श्री उपेन्द्र कुशवाहा, सांसद राजकुमार सैनी एवं अन्य




ज्योति बा फुले की 125वीं पुण्य तिथि पर श्रृद्वाजंलि अर्पित करते राजस्थान के कृषि मंत्री श्री प्रभुलाल सैनी



ज्योति बा फुले की 125वीं पुण्य तिथि पर श्रृद्वाजंलि अर्पित करते राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत



ज्योति बा फुले की 125वीं पुण्य तिथि पर श्रृद्वाजंलि अर्पित करते महाराष्ट्र के पूर्व उप मुख्यमंत्री श्री छगन भुजबल



# कनाडा के सांसद बन भारतीय मूल के राज सैनी ने रचा इतिहास

मडी (हिमाचल)। माली सैनी समाज के श्री राज सैनी कनाड़ा के किंचनर से चुनाव जित कर विश्व पटल पर अपना नाम दर्ज कराया है। बल्ह घाटी की कुम्मी पंचायत के गांव भ्यूरा के श्री हमेचंद सैनी को जब 1969 में कनाड़ा में एरोनॉटिकल इंजिनियर की नौकरी मिली तो कनाड़ा की सदस्यता लेकर वहीं बस गए। सैनी के तीन बच्चे हुए जिनमें 2 बेटियां और एक बेटा राज सैनी। हेमचंद सैनी ने अपनी एक बेटी की शादी हरियाणा के सिरसा में की।

श्री हेमचंद सैनी के बेटे राज सैनी ने हाल ही में कनाड़ा में हुए चुनाव में लिबरल पार्टी के उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ा। किंचनर सेंटर से चुनाव जितकर सांसद बनें श्री हेमचंद सैनी के साथ साथ उनके पैतृक बांव भ्यूरा का नाम भी सुर्खियों में आ गया। 47 वर्षीय श्री राज सैनी 20 साल पुरानी एक प्रतिष्ठित फार्मेसी ग्रीनबुक के मालिक है। उन्होंने टोरेंटो विश्वविद्यालय से रसायन विज्ञान की पढ़ाई की तथा बोस्टन के नॉर्थईस्टर्न विश्वविद्यालय से फार्मेसी की स्नातक की डिग्री ली। श्री राज सैनी के चचेरे भाई श्री शंकरदास सैनी हिमाचल की राजनीति में सक्रिय है। वह प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य है और कुम्मी पंचायत के प्रधान भी रह चुके है।

श्री राज सैनी हर साल अपने परिवार के साथ भ्यूरा गांव आते है। वहीं अपने चचेरे भाई से उन्होंने राजनीति के गुर सीखे है। यहां उनकी संपति की देखभाल श्री शंकरदास सैनी ही करते है। राज सैनी अत्यन्त प्रतिभाशाली है। उम्मीद कि जा रही है कि उन्हें जस्टिन टूडीय के मंत्रीमण्डल में जगह मिल सकती है। गौरतलब है कि कनाड़ा में भारतीय मूल के 19 सांसदों ने जीत दर्ज की है।

समाज के सभी वर्गो ने श्री राज सैनी के जीत पर खुशी जाहिर की है। माली सैनी संदेश परिवार श्री राज सैनी को हार्दिक बधाई प्रेषित करते हुए आशा व्यक्त करता है कि श्री राज सैनी माली सैनी समाज ही नहीं वरन् भारत की शान बढ़ाते हुए कनाड़ा में भी अपनी प्रतिभा से वहां के विकास एवं उन्नति में अपना पूरा योगदान देगें।




## श्रीमान् महेन्द्रसिंह कच्छवाह

अध्यक्ष नगरपालिका पीपाड़ के 54वें जन्म दिवस पर

## विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर

स्थान : ओसवाल भवन, आर्य समाज के पीछे, अस्पताल, पीपाड़ शहर, जिला जोधपुर (राज.)

दिनांक : 10 दिसम्बर 2015 गुरुवार

रक्तदान जीवन दान

आपका रक्तदान किसी का जीवनदान

रक्तदान जीवन दान

रक्तदान शिविर में आप अवश्य सहयोग करें।

नोट : महिला रक्तदाताओं का विशेष सम्मान

RNI Regd No. RAJHIN/2013/60831

# माली सैनी सन्देश

● वर्ष :11 ● अंक 125 ● 30 नवम्बर, 2015 ● मूल्य : 15/- प्रति


सम्पादक मण्डल

संरक्षक :



श्रीमान रमेशचंद्र कच्छवाहा
( अध्यक्ष, जोधपुर ठेकेदार ऐसोसियेशन )
( अध्यक्ष, माली सैनी समाज सेवा समिति )

सह संरक्षक:



श्री ब्रह्मसिंह चौहान
(उपाध्यक्ष,भाजपा, जोधपुर)

प्रेस फोटोग्राफर

जगदीश देवड़ा
(रितू स्टूडियों मो. 94149 14846)

मार्केटिंग इंचार्ज

रामेश्वर गहलोत
(मो. 94146 02415)

कम्प्यूटर

इरशाद ग्राफिक्स, जोधपुर
(मो. 7737651040)

पत्रिका में प्रकाशित विचार लेखकों के स्वयं के विचार है। किसी भी विचार के साथ सम्पादकीय सहमति का होना आवश्यक नहीं है। सभी प्रसंगों का न्यायिक क्षेत्र जोधपुर ही होगा।


## इस अंक में

आवरण कथा



## ओबीसी के आरक्षण में सेंध नहीं लगने देंगे – सैनी

रामलीला मैदान में दिखी सियासी ताकत, अब अगले साल कुरुक्षेत्र में होली महारैली पिछड़ा वर्ग की 35 बिरादरी मिलकर करेगी उत्थान


- सम्पादकीय
- फुले ने पीड़ितों के लिए जीवन भर संघर्ष किया- श्री अशोक गहलोत
- समाज एकजुट और शिक्षित होगा तभी आगे बढ़ेगा - प्रभुलाल सैनी
- ओबीसी के आरक्षण में सेंध नहीं लगने देंगे – सैनी
- टोंक में 6 दिसम्बर, को प्रदेश स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह
- शिक्षा से ही समाज को करें रोशन : श्री पूरणमल सैनी
- नाटक कर रही सरकार : अशोक गहलोत
- संस्थान का कार्यकाल 3 से 5 वर्ष व 80 लाख का बजट पास
- आज के आर्थिक युग में धन बिना विकास नहीं : सुभाष सैनी
- सांचौर में माली समाज प्रतिभा एवं सम्मान समारोह संपन्न
- खेतड़ी तहसील के क्षेत्र में शीघ्र लगेंगे सीसीटीवी कैमरे : सैनी
- मुस्कान सैनी ने किया अंतर्राष्ट्रीय फुटबाल में उत्कृष्ट प्रदर्शन
- देश में सबसे अधिक दूध का उत्पादन वाला राज्य बनेगा राजस्थान: सैनी
- दोनों हाथ नहीं, पर नहीं खोया हौसला
- कुछ भी इंपॉसिबल नहीं - डॉ रोमन सैनी
- हर शख्स जीनियस है, फर्क है तो बस खास काबिलियत का
- माली समाज के सदस्यता अभियान का किया पोस्टर विमोचन
- सामुहिक विवाह में 21 जोड़ों बधें प्रणय सूत्र में
- माली समाज के वरिष्ठों का सम्मान
- रोटरी क्लब शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न डॉ. मोहन माली अध्यक्ष बने
- 324 सैनी प्रतिभाओं का टोडा में सम्मान

# सम्पादक की कलम से ...



# निर्भीक होकर जीना सीखें



**मनीष गहलोत**
प्रधान सम्पादक

मानव मस्तिष्क भिन्न-भिन्न प्रकार की शंकाओं से घिरा रहता है। जैसे धन, पद प्रतिष्ठा, नौकारी, परिवार संबंधी, व्यवसाय/सर्विस संबंधी प्राकृतिक आपदाओं आदि अनेकों शंकाऐं मस्तिष्क एवं मन में आ जाना एक स्वाभाविक प्रक्रिया है। मानव को इन शंकाओं, वस्तुओं एवं परिस्थितियों पर निर्भर नहीं रहना है ये हमारे पास है तो भी ठीक है और न हो तो भी ठीक है।

**राजी हैं हम उसी में, जिसमें तेरी रजा है।**
**या यूं भी वाह वाह है, वां वू भी वाह वाह है।।**

ये शंकाएं अस्थाई है जो स्वत: ही विराम लेती रहती हैं। ये बातें जीवन में सुपरिचित अथवा अपरिचित से भी होना संभावित होता है।

जब हम ईश्वर के विधान को व उसे सर्व शक्तिवान मानते हैं समझ लेते हैं, विचार लेते है, अनुभव कर लेते हैं कि वह प्रभु न्यायकारी है, सर्वशक्तिवान हैं वह न्यायकारी है क्योंकि वह सर्वशक्तिमान है। अथर्व वेद का मंत्र है-

**अभयं मित्रादमयं मत्रिदभयं ज्ञानादभयं पुरोक्षात्।**
**अभयं न त्तभमंय दिवा न: सर्वा आशायम मित्रं म वन्तु।।**

अर्थ-है प्रभो, हम मित्र से अभय हों, शत्रु से अभय हों, जाने हुए पुरूष से अभय हों, रात्रि के अंधकार में अभय हो और दिन में अभय हों। सब दिशाओं में रहने वाले व्यक्ति मेरे-हमारे दु:खहर्त्ता एवं सुखदाता व स्नेही बन जाएं।

No fear from the friends, Nor from the enemy,
No fear from the Know, Nor from the unknown,
No fear in the Night, Nor in the day,
May we be friends unto all directions and
May all directions be friendly unto us.

यदि कोई विद्यार्थी ने परीक्षा की पूरी तैयारी कर रखी हे तो उसे परीक्षा से कोई भय नहीं लगता। जीवन भी एक परीक्षा ही तो है हम अगर ठीक दिनचर्या से चल रहे हैं, हमारा व्यवहार सामान्य है, कर्त्तव्यों के प्रति सजग हैं तब जीवन में भय का कोई स्थान नहीं रहता। साथ ही ईमानदारी से सेवाएँ दी है, यथा संभव सबको सहयोग दिया हे, बड़े बुजुर्गो की सच्चे ह्रदय से सेवा की हैं तो क्यों घबराते हो। क्या हमें ईश्वर प्रदत्त कर्मफल व्यवस्था पर विश्वास नहीं है। तो यह विश्वास करना होगा। यह विश्वास ही जीवन में निर्भयता लाता है।

अन्यथा विचार करें कि क्या कोई व्यक्ति हमेशा एक सा रहा है। चाहे शारीरिक हो अथवा साथ, सहयोग, संभावना क्षमताएँ बदलती है इसके क्या कारण है-

**प्रथम :** उसमें आत्म विश्वास की कमी। अपनी स्वयं के जीवन में अनेकों उलट फेर आते रहे है जिन्हें आपने साहस व आत्म विश्वास से ही तो जाता है। मन में तुच्छ विचार को आने ही मत दो। आपने आयु के साथ सार्मथ्य, योग्यता व्यवहारिकता बढ़ाई है ऐसे उम्र विचार रखने पर ही निर्भीकता आवेगी।

**द्वितीय :** ईश्वर में विश्वास की कमी, इसको बढ़ाने के लिए ईश्वर के गुण, कर्म, स्वभाव पर चिन्तन करें। इससे आपको बल मिलेगा। साहस, हिम्मत, उत्साह आदि सब उसकी कृपा से बढ़ रहे हैं। परिणाम की परवाह न करते हुए अपने सद्कार्यो में लगे रहें। प्रार्थना करें-हे ईश्वर में जीवन में पगडंडी पर जीवन की सांझ ढलने तक निर्भय होकर जिऊं। मानसिक शक्ति के लिए निर्भयता प्रति अत्यक्तावश्यक है।

**अत: अपने मानसिक चिंतन में ध्यान प्रक्रिया में निर्भयता को शामिल करें। अत्यन्त लाभ होगा, निर्भीकता बढ़ेगी।**

### संपूर्ण भारत में महात्मा ज्योति बा फुले की 125वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धासुमन अर्पित

# फुले ने पीड़ितों के लिए जीवन भर संघर्ष किया– श्री अशोक गहलोत





जयपुर। सुप्रसिद्ध समाज सुधारक महात्मा ज्योति बा फुले की पुण्यतिथि पर नमन करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने कहा कि महात्मा ज्योति बा फुले ने गरीबों एवं पिछड़ों के सामाजिक तथा आर्थिक उत्थान के लिए जीवनभर संघर्ष किया। उन्होंने समाज को आगे बढ़ाने के लिए शिक्षा का मूलमंत्र दिया, जिससे कमजोर वंचित एवं पिछड़ें वर्ग के लोग भी विकास की मुख्यधारा से जुड़कर अपनी सहभागिता निभा सकें। श्री अशोक गहलोत ने यह बात आज महात्मा फुले की 125वीं पुण्यतिथि पर पुष्पाजंलि अर्पित करते हुए कही।

महात्मा फुले ने छुआछुत, जातिप्रथा एवं पर्दा प्रथा जैसी कुरीतियों के विरूद्व संगठित एवं शिक्षित समाज की स्थापना की अभिनव पहल की थी। हम समाज से कुरीतियों को दूर करने एवं अशिक्षा के अंधियारे को मिटाते हुए एक विकसित एवं समृद्धशाली राष्ट्र का निर्माण करने में सहभागिता निभायें।

इस अवसर पर विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारी एवं समाज के गणमान्य व्यक्तियों ने महात्मा ज्योति बा फुले को नमन किया।

जोधपुर। महात्मा ज्योति  बा फूले ने अपने जीवन काल में हमेशा पिछड़ें एव शुद्रों के विकास हेतु कार्य किया मानव सेवा के लिए महात्मा ज्योति बा फुले द्वारा किये गए कार्य आज भी प्रासंगिक है। यह बात आज जोधपुर नगर निगम महापौर श्री घनश्याम औझा ने महात्मा ज्योति बा फुले की 125वीं पुण्य तिथि पर आयोजित कार्यक्रम में कही। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद श्री नारायणलाल पंचारिया, जोधपुर भाजपा अध्यक्ष, नेता प्रतिपक्ष श्री राजेन्द्र सोलंकी, ज्योति बा फुले जागृति मंच के प्रदेश महामंत्री श्री मेघाराम परिहार, मनीष गहलोत, श्री जगदीश देवड़ा, पूर्व मंत्री श्री राजेन्द्र गहलोत, श्री जसवंत सिंह कच्छवाहा, श्री अरविंद गहलोत, श्री नंदकिशोर गहलोत, राजसिको के पूर्व चेयरमेन श्री सुनील परिहार, श्री नरेन्द्र कच्छवाहा, श्री जंयत सांखला, श्री जुगल पंवार, श्री साहिबराम गहलोत, श्रीमती प्रेमलता परिहार, सुश्री अनुलता गहलोत, श्री अरविंद परिहार, श्री इंद्रसिंह गहलोत, श्री योगेश गहलोत सहित बड़ी संख्या में समाज के गणमान्य व्यक्तियों एवं जोधपुर के विभिन्न राजनीतिक पार्टियों के पदाधिकारियों, साथ ही बहु प्रतियोगी प्रशिक्षण संस्था के छात्र–छात्राओं ने महात्मा ज्योति बा फुले को पुष्पाजंलि अर्पित कर उनके पद्चिन्हों पर चलने का प्रण लिया।







### माली समाज के राज्य स्तरीय अधिवेशन में उमड़े समाजबंधु

# समाज एकजुट और शिक्षित होगा तभी आगे बढ़ेगा – प्रभुलाल सैनी



हिंडौली। राज्य के कृषि मंत्री प्रभुलाल सैनी ने कहा कि किसी भी समाज की प्रगति उसके शिक्षित व एकजुट होने पर ही होती है। जो समाज शिक्षा व एकता में आगे होता है उस उसका का अन्य समाजों में सम्मान होता है। उन्होंने कहा कि माली समाज का इतिहास गौरवमय रहा है। अशोक सम्राट व चंद्रागुप्त मौर्य भी माली समाज से ही थे। हमें एकजुट होकर हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा दिखानी होगी। कृषि मंत्री सैनी रविवार को यहां माली समाज के छात्रावास में आयोजित समाज के राज्य स्तरीय अधिवेशन, प्रतिभा सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे।

उन्होंने कहा कि समाज के युवाओं ने यहां रक्तदान करके सर्वश्रेष्ठ कार्य किया है। उन्होनें समाज बंधुओं से कहा कि आपके सहयोग से ही मुझे से ही मुझे पहचान मिली है।अेर समाज आज दक्षता में किसी से कम नहीं है, लेकिन शिक्षा का अब भी अभाव है। समाज को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के प्रयास करके बालिका शिक्षा पर विशेष जोर देना होगा। आज समाज के जिन लोगों ने मुंबई व विदेश जाकर व्यपारिक क्षेत्र में समाज का जो मान बढ़ाया है वह शिक्षा के बल पर ही संभव हुआ। उन्होंने कहा कि राजनीति में सब समाजों को साथ लेकर ही आगे बढ़ा जा सकता है। महात्मा ज्योतिबा फूले भी सर्वहारा समाज के लिए ही चलते हुए कार्य करना होगा। सैनी ने कहा कि समाज को हिंडौली में समाज के छात्रावास निर्माण को लेकर सभी मिलकर प्रयास करें। अतिथियों ने छात्रावास में सहयोग करने वाले भामाशाह, राज्य में खेल, शिक्षा व राज्य व केंद्रीय सेवाओं में चयनित प्रतिभाओं का सम्मान किया। कृषि मंडी समिति की और से सहायता के चेक वितरित किए।

**समाज में शिक्षा की कमी को दूरे करें – गहलोत :** कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए पूर्व मंत्री राजेंद्र गहलोत ने कहा कि समाज में शिक्षा की कमी को दूर करें। समाज के बालक-बालिकाओं के लिए छात्रावास बनाएं। हमें मिलजूल कर समाज को राजनीति, सामाजिक व आर्थिक क्षेत्र में आगे बढ़ाना ही हम समाज के पिछड़पन को दूर किया जा सकता है। उनहोंने कहा कि समाज के युवाओं में कर्म और ज्ञान की अपार क्षमताएं हैं इन्हें प्रोत्साहित करते हुए हमें समाज की प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना चाहिए। विशिष्ट अतिथि मोतीबाबा सांखला ने कहा कि इस मौके पर सवको नशा मुक्ति का संकल्प लेना चाहिए। बारां जिला प्रमुख नंदलाल सुमन, रूपसिंह दौसा, अमरसिंह गहलोत, बनवारीलाल सैनी सहित मुंबई से आए समाज के शंकरलाल, उममेद सैनी, गणेशराम, केसरा परमार ने ाी विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में युवा नेता मनीष सैनी, माली समाज विकास समिति के पूर्व जिलाध्यक्ष बद्रीलाल सैनी भी मंचासीन रहे। अतिथियों आयोजन समिति संरक्षक पूर्व प्रधान पोखरलाल सैनी, संयोजक जगदीश सैनी, माली समाज समिति जिलाध्यक्ष सीताराम सैनी, सोहन सुमन, मनोज सैनी, गोपाल सैनी, कैलाश सैनी आदि ने माला, साफा, दुपट्टा व बैज लगाकर सवागत किया। कृषि मंत्री सैनी का समिति की ओर से 21 किलो फूलों का हार पहनाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में बालिकाओं द्वारा भजनों पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। इस मौके पर समाज के 168 युवाओं ने रक्तदान किया। इसके साथ ही छात्रावास की सहायता के कूपन इनामी योजना का ड्रा निकाला गया, जिसमें विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

**कृषि मंत्री का पुष्प वर्षा करके जगह-जगह हुआ स्वागत :** 21 स्वागत द्वार बनकार युवाओं द्वारा कृषि मंत्री सैनी का पुष्प वर्षा करके व मालाएं पहनाकर स्वागत किया गया। इस दौरान कस्बे को चमकीली बंदनवार से सजाया गया। मंत्री सैनी को तहसील रोड से समारोह स्थल तक जुलूस के रूप में ले जाया गया।




# ओबीसी के आरक्षण में सेंध नहीं लगने देंगे – सैनी

## रामलीला मैदान में दिखी सियासी ताकत, अब अगले साल कुरुक्षेत्र में होली महारैली पिछड़ा वर्ग की 35 बिरादरी मिलकर करेगी उत्थान



**ओबीसी आरक्षण बचाने को दिल्ली के रामलीला मैदान में पिछडा वर्ग की एकता रैली**




नई दिल्ली। कुरूक्षेत्र से सांसद तथा ओबीसी (पिछड़ा वर्ग) ब्रिगेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजकुमार सैनी ने कहा कि हम पिछडों के आरक्षण में सेंध नहीं लगने देंगे। सांसद सैनी ने दिल्ली के रामलीला मैदान में पिछड़ा समन्वयक समिति के तत्वावधान में महात्मा ज्योतिबा फुले की पुण्यतिथि पर आयोजित पिछड़ा वर्ग एकता रैली को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अब ओबीसी को जगाने का समय आ गया है। अगर इस समय नहीं जागे तो देर हो सकती हैं उन्होंने कहा कि हमें यह सोचना चाहिए कि सरकारी नौकरियों में ओबीसी कितने प्रतिशत है। ऐसा क्यों है? इस पर चिंतन करने की जरूरत है।

उन्होंने मंच से आव्हान किया कि हरियणा के उंचे ओहदे पर बैठे लोग आरक्षण का भूत बार बार खड़ा कर देते है। जाति विशेष की तानाशाही नहीं चलेगी। कुरूक्षेत्र सांसद राजकुमार सैनी ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले की पुण्यतिथि पर उमड़ा भारी जनसैलाब इस बात का प्रतीक है कि हरियाणा और एनसीआर दिल्ली की तानाशाही के खिलाफ कितना रोष है। लड़ाई तो ओबीसी आरक्षण को बचाने के लिए लड़ी जा रही है तो यहां पर ब्राह्मण, बनिया, राजपूत और पंजाबी किस लिए आए। इससे स्पष्ट हो जाता है कि हरियाणा में जाटों का भारी दबाव को झेल रहे 35 बिरादरी के लोगों को सांसद राजकुमार सैनी द्वारा जाट आरक्षण के विरोध में उठाई जा रही आवाज राहत की सांस दे रही है। उन्होंने कहा कि यह जन सैलाब इस बात का संकेत है कि जो भी पार्टी अब पिछड़ों को नजर अंदाज करेगी उसे कांग्रेस की तरह जनता निपटा देगी। अब पिछड़ा वर्ग के 35 बिरादरी के लोगों को जोड़कर भविष्य की रणनीति तय की जायेगी। सांसद सैनी ने मंच से कहा कि अब समर्थन नहीं शासन चाहिए पर बल दिया जायेगा। सैनी ने पिछड़ा वर्ग के लोगों को शिक्षित और संगठित होने का संकेत देते हुए कहा कि अपने अधिकारों के लिए अगले वर्ष 28 नवम्बर को महात्मा ज्योतिबा फुले की पुण्यतिथि पर धर्मनगरी कुरूक्षेत्र में इंसाफ की नींव रखी जायेगी। प्रधानमंत्री राष्ट्र पुरूष नरेन्द्र मोदी की बदौलत पिछड़ा वर्ग आज भारतीय जनता पार्टी के साथ खड़ा है। परन्तु जो लोग हमारा अधिकार छीनने के लिए आए दिन अनर्गल बयानबाजी कर रहे है, पार्टी उन पर भी संज्ञान ले।

इस मौके पर केन्द्रीय मानव संसाधन विकास राज्य मंत्री उपेन्द्र कुशवाहा ने कहा कि पिछड़े वर्ग के लिए सभी राज्यों में बने कमिशन के लिए संसद के अंदर कोशिश की जायेगी। इस अवसर पर सांसद रविन्द्र कुशवाह, पूर्व मंत्री जय नारायण निषाद, पूर्व सांसद रामदेवन प्रसाद, बापू भुज्जबल, पूर्व विधायक भरतसिंह छोकर, पूर्व सांसद हरिभाऊ राठौर सहित अनेकरों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कर जनसमूह को सम्बोधित किया। समारोह में विभिन्न प्रदेशों से 35 हजार के करीब ओबीसी के लोगों ने भाग लिया।

## पूर्व मुख्यमंत्री ने किया पोस्टर का विमोचन

# टोंक में 6 दिसम्बर, को प्रदेश स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह

### समारोह की तैयारियों के लिए विभिन्न स्तर पर कमेटियों का गठन





टोंक। ऑल इंडिया सैनी सेवा समाज (रजि.) संगठन टोंक के तत्वावधान में 6 दिसम्बर को होने वाले जिला स्तरीय प्रतिभा अभिनंदन समारोह के पोस्टर का विमोचान पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा उनके निवास स्थान जयपुर में किया गया। ऑल इंडिया सैनी सेवा समाज संगठन के जिला महासचिव रमेश चन्द सैनी रहमनान दिया ने बताया कि संगठन के तत्वावधान में 6 दिसम्बर को होने वाले जिला स्तरीय प्रतिभा अभिनंदन समारोह के पोस्टर का विमोचन पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा उनके निवास स्थान जयपुर में किया गया।

ऑल इंडिया सैनी सेवा समाज संगठन के जिला महासचिव रमेश चन्द सैनी ने बताया कि संगठन के तत्वावधान में 6 दिसम्बर को महात्मा ज्योतिबा फुले छात्रावास महा देवाली में जिला स्तरीय प्रतिभा अभिनंदन समारोह का आयोजन किया जाना है। इस अवसर पर प्रदेशाध्यक्ष रामसिंह सैनी, जिला अध्यक्ष पांचू लाल सैनी, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष रमेश चन्द कोतवाल, जिला कोषाध्यक्ष प्रभुलाल खरोल्या, जिला उपाध्यक्ष राहुल सैनी, सीताराम ठेकेदार, शंकरलाल जी जीणवाल, चिरंजी लाल सैनी निवाई, जिला उपसचिव धन्नालाल सैनी, अशोक कुमार सैनी, प्रेम चन्द सैनी, जिला प्रवक्ता मुकेश सैनी पार्षद, चौथमल सैनी पार्षद, संजय सैनी सूरजमल सेनी, जिला सलाहकर मंत्री सेवानिवृत इजी. भैरूलाल सैनी, जिला उपसंगठन मुरारीलाल सैनी गाड़ोली, उप प्रचार मंत्री बुद्धराज सैनी सोनवा, कार्यालय मंत्री भगवान सहाय सैनी, पूर्व सदर अध्यक्ष चौथमल निवाई वाल, शंकरलाल कच्छावा एडवोकेट, शंकरलाल सैनी डिग्गी वाले, श्योजी राम सैनी नयाटीला वाले, राकेश सैनी उनियारा, रामफूल सैनी साडा गांव आदि मौजूद रहे।

संगठन के प्रवक्ता कमलेश सैनी ने बताया कि समारोह में मुख्य अतिथि कृषि एवं पशुपालन मंत्री श्री प्रभुलाल सैनी होगे। समारोह की अध्यक्षता संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री श्रीपाल सैनी, समारोह में दीप प्रज्वलन कार्यक्रम के अतिथि संत शिरोमणि श्री लिखमीदास स्मारक विकास संस्थान के अध्यक्ष पूर्व मंत्री श्री राजेन्द्र गहलोत होगें। खेतडी विधायक श्री पूरणमल सैनी एवं वर्ल्ड इकॉनोमिक फोरम के राष्ट्रीय संयोजक श्री सुभाष सैनी, श्री वैभव गहलोत, श्री अशोक कुमार सैनी, श्री इन्द्रराज सैनी, श्री ताराचंद गहलोत, पूर्व विधायक श्री भगवान सहाय सैनी सहित अन्य जनप्रतिनिधि भी समारोह की शोभा बढ़ायेंगे।

समारोह को सफल बनाने के लिए कार्यक्रम की व्यवस्था के लिए समीतियां बनाकर जिम्मेदारी देने के लिए बैठक में उपस्थित समाज के लोगों ने सर्वसम्मति से आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में समाज के लोगों की संख्या अधिक से अधिक हो इसके लिए प्रत्येक मौहल्ले में कोतवाल द्वारा आवाज लगवाने, कार्यक्रम में अधिक से अधिक समाज के लोग उपस्थित हो सके। इसके लिए समाज के प्रतिष्ठानों का अवकाश रखने का निर्णय लेते हुए कार्यक्रम की व्यवस्था हेतु अतिथियों के स्वागत की व्यवस्था, प्रतिभा सम्मान समारोह में प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने हेतु प्रशंसा प्रमाण पत्र व ट्रॉफी आदि की व्यवस्था की जिम्मेदारी समाज के लोगों को समिति बनाकर दी। इस मौके पर बैठक में संगठन संरक्षक भैरूलाल सैनी, जिला सलाहकार मंत्री व चूलाल सैनी, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष रमेशचन्द सैनी, जिला वरिष्ठ उपवाध्यक्ष रमेश चन्द सैनी कोतवाल, कल्याण सैनी, जिला कोषाध्यक्ष प्रभुलाल खरोल्या, उपाध्यक्ष सीताराम सैनी, ठेकेदार जिला संगठन मंत्री नरेन्द्र सरपंच, जिला अध्यक्ष (युवा प्रकोष्ठ) राहुल सैनी, टोंक शहर अध्यक्ष अशोक सैनी, जिला उप सचिव धन्ना लाल सैनी, सूरजमल सैनी, जिला उपसंगठन मंत्री मुरारीलाल सैनी, उप प्रचार मंत्री बुद्धराज सैनी, मुन्ना उर्फराम प्रसाद सैनी, जितेन्द्र सैनी, संजय सैनी, रमेश चन्द सैनी, रामधन सैनी, राधाकिशन सैनी, प्रभुलाल सैनी, गोविन्द सैनी, चांदमल सैनी, रामलाल सैनी, प्रहलाद सैनी, रामनारायण सैनी, कालूराम सैनी, राजूलाल सैनी, नन्दकिशोर सैनी, मुरली सैनी आदि ने उपस्थित हो कर सभी प्रकार के कार्यो में सहयोग करने की बात कही तथा सफल आयोजन हेतु सभी से सहयोग मांगा।

मकराना में ऑल इंडिया सैनी समाज सेवा समिति का प्रदेश स्तरीय सम्मान व शपथ ग्रहण समारोह आयोजित

# शिक्षा से ही समाज को करें रोशन : श्री पूरणमल सैनी





मकराना। किसी भी क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए ज्ञान का होना आवश्यक है। और ज्ञान शिक्षा से मिलता है। जिस समाज में शिक्षा का स्तर अच्छा रहेगा वह समाज उतनी ही तेजी से हर क्षेत्र में आगे बढ़ेगा। यह विचार शनिवार को ऑल इंडिया सैनी समाज सेवा समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीपाल सैनी ने इंदौरा वाटिका में समिति के प्रदेश स्तरीय सम्मान एवं शपथ ग्रहण समारोह में कहे। उन्होंने कहा कि समाज की छुपी हुई प्रतिभाओं को पहचानें की आवश्यकता है। इसके लिए हमें कुरीतियों का त्याग कर बच्चों को गुणत्तापकर शिक्षा देनी होगी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विशिष्ट अतिथि खेतड़ी विधायक पूरणामल सैनी ने कहा कि समाज को एकजुटता के साथ अपनी ताकत दिखानी होगी।

राजनीति में सक्रिय भागीदारी बढ़ाएं एवं बच्चों को शुरू से ही केरियर गाइडेंस उपलब्ध करवाते रहें। उत्तरप्रदेश में विधायक परमेश्वर लाल सैनी ने समाज में दहेज प्रथा को जड़ से खत्म करने की बात कही। राजस्थान के पूर्व मंत्री राजेन्द्र गहलोत ने भी शिक्षा व समाज सुधार पर बल दिया। संस्था के जिलाध्यक्ष हनुमान इंदौरा ने कहा कि नागौर जिले में समाज एक मंच पर आया है। उन्होंने बताया कि आपसी सहयोग से वे समाज के लिए बेहतर से बेहतर कार्य करने का प्रयास करेंगे। महिला प्रदेशाध्यक्ष गीता सोलंकी ने संस्था में महिलाओं की भागीदारी को बेहद जरूरी बताते हुए कहा कि समाज तभी आगे बढ़ेगा जब महिलाएं कंधे से कंधा मिलाकर समाज हित में कार्य करेगी। प्रदेश संगठन मंत्री विक्रम सोलंकी ने संगठन मंत्री विक्रम सोलंकी ने संगठन की मजबूती के लिए तैयार की गई कार्ययोजना से सभी को अवगत कराया।






कार्यक्रम को पूर्व जज राजकुमार वर्मा, राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष अलका सैनी, दिलबाग सैनी, ओंकारराम कच्छावा आदि ने भी संबोधित किया। इससे पूर्व कार्यक्रम के शुभारंभ पर दीप प्रज्वलन से किया गया। इस अवसर पर समाज की प्रतिभाओं, जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक सेवाओं में चयनित अभ्यर्थियों का अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम के दौरान समाज के नागौर जिला कार्यकारिणी में नवनिर्वाचित अध्यक्ष हनुमान सहित अन्य पदाधिकारियों का दिलवाई गई। संस्था के प्रदेश सेवाराम दगदी, प्रदेश दुल्लीचंद सिंगोदिया, भंवरलाल शिवकरण इन्दौरा, सीताराम मदनलाल इन्दौरा, हनुमान राम, प्रेमप्रकाश इन्दौरा, जगदीश प्रसाद ताराचंद दगदी, बालकिशन सिंह, महेश सोलंकी, पार्षद विनोद एडवोकेट गणपतलाल टाक, सोलंकी, वीरसिंह, सोलंकी, नरपत सांखला, गोपाल माली, तुरंत भाटी, रमेश इन्दौरा व कौशल सहित समाज के अनेक गणमान्य उपस्थित थे।

पूर्व विधायक की मूर्ति का किया अनावरण, समारोह में 35,000 हजार लोगों ने की शिरकत, महिलाओं की उपस्थिति अधिक

# नाटक कर रही सरकार : अशोक गहलोत



उदयपुरवाटी। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि प्रदेश सरकार जनता की नजरों से गिर चुकी है और नुकसान की भरपाई करने के लिए जिलों में जाकर नाटक कर रही है। वे रविवार को यहां पूर्व विधायक रामेश्वरलाल सैनी की मूर्ति अनावरण समारोह को संबोधित कर रहे थे।

गहलोत ने प्रदेश सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि सत्ता पक्ष के विधायकों के कहने से अधिकारी काम नही कर रहे हैं और मुख्यमंत्री अपने विधायकों तथा सांसदों तक से नहीं मिल रही है। प्रदेश में अन्याय और अत्याचार चरम पर हैं तथा आमजन की कहीं सुनवाई नहीं हो रही है। बच्चियों के साथ लगातार ज्यादती हो रही है तथा महिलाओं की इज्जत दांव पर लगी हुई है। लोग ना घरों में और ना ही रास्ते में यात्रा के दौरान सुरक्षित हैं।

उन्होंने कहा कि नेशनल हाईवे पर राह चलते यात्रियों को लुटा गया, इससे शर्मनाक बात और क्या हो सकती है। प्रदेश सरकार नकारा साबित हुई है तथा हमारे जनप्रतिनिधियों पर बदले की भावना से मुकदमे लगा रही है। भ्रष्टाचार चरम पर हैं लोगों के काम बिना पैसे के नहीं होते हैं। खुद को गो भक्त कहने वाली इस सरकार ने गौशालाओं का अनुदान बंद कर दिया, गायें भूखी मर रही हैं तथा किसानों को महंगे भाव में चारा खरीदना पड़ रहा है।

जिले की सीमा पर के. के. सैनी, विद्याभर गिल, छापोली सरपंच ममता सैनी, विश्वेश्वरलाल सैनी, भगवानाराम सैनी, तेजास्विनी शर्मा, मदनसिंह गिल, भोलाराम सैनी, करणीराम सैनी, श्रवण सैनी, पार्षद ओनाड़ सैनी, अजय तसीड़, दौलतराम सैन, प्रकाश सैनी, महावीर सैनी, अब्दुल अजीज कच्छावा ने गहलोत का स्वागत किया।

मूर्ति अनावरण समारोह में युवा माली सभा के प्रदेश अध्यक्ष मनोज अजमेरा, उदयपुरवाटी प्रधान सविता खरबास, जिप सदस्य ताराचंद भौड़कीवाला, नवलगढ़ प्रधान गजाधरढाका, नवलगढ़ पालिकाध्यक्ष सत्यनारायण सैनी, ओमप्रकाश सैनी, शीशराम राजोरिया, मदनसिंह गिल, मांगीलाल पंवार, राकेश जमालपुरिया, मोहनलाल सैनी, पीसी कटारिया, सुभाष सतरावला, प्रियंका सैनी, अनिल गिल समेत अनेक लोग मौजूद थे।

**किसाना खुद को ठगा सा महसूस कर रहा है : शर्मा**

पूर्व मंत्री राजेंद्रसिंह गुढा ने पिछली कांग्रेस सरकार के राज में हुए क्षेत्र के विकास की याद दिलाई तथा गहलोत शासन को सुशासन बताया। विधायक डॉ. राजकुमार शर्मा ने कहा कि किसान अपने आप को ठगा सा महसूस कर रहा हैं मंदिर बनाने के नाम पर सरकार बनाने वाली भाजपा प्रदेश में धड़ाधड़ मंदिर तोड़ रही है। समारोह को पूर्व मंत्री डॉ. जितेंद्रसिंह, विधायक श्रवणकुमार, उपजिलाप्रमुख बनवारीलाल सैनी, यूपी विधान परिषद के सदस्य परमेश्वरलाल सैन ने भी संबोधित किया।

गहलोत ने पूर्व विधायक की पत्नी नारायणीदेवी को शॉल ओढाकर सम्मानित किया। आयोजिक पूर्व विधायक रामेश्वरलाल सैनी की बेटी मीनू सैनी ने जीवन परिचय प्रस्तुत कर अतिथियों का स्वागत किया।





## अखिल भारतीय माली समाज संस्थान की आम सभा संपन्न, दानदाताओं का किया गया सम्मान

# संस्थान का कार्यकाल 3 से 5 वर्ष व 80 लाख का बजट पास




जोधपुर। अखिल भारतीय माली समाज संस्थान की आम सभा आज रविवार 15 नवम्बर 2015 को संत रामसिंह भाटी मेमोरियल में संपत्र हुई। संस्थान के मंत्री किशोर सिंह सांखला ने जानकारी देते हुए बताया कि आज की आम सभा की अध्यक्षता पूर्व मंत्री श्री राजेन्द्र गहलोत ने की साथ ही इस आम सभा में देवीचंद देवड़ा अध्यक्ष, माली संस्थान, जोधपुर, श्री नरेन्द्र सिंह कच्छवाहा, पूर्व अध्यक्ष भाजपा जोधपुर, सुभाष गहलोत अध्यक्ष, माधव पर्यावरण सुधार सोसायटी एवं जसवंत सिंह कच्छवाहा समाजसेवी विशिष्ठ अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

सर्व प्रथम मंत्री किशोर सिंह सांखला ने गत वर्ष की कार्यवाही की पुष्टि व प्रगति रिपोर्ट बजट वर्ष 2015 - 2016 को प्रस्तुत किया। जिसमें संस्थान को हुई आय व्यय व संस्थान के द्वारा किये गये निर्माण एवं विकास का संपूर्ण ब्यौरा प्रस्तुत किया। उपस्थित सभी आजीवन सदस्यों की सर्वसम्मति से सभी पर सहमति प्रदान की गई। इस आम सभा में संस्थान का कार्यकाल 3 वर्ष से 5 वर्ष किया गया। साथ ही संस्थान में 3 नवीन पद के प्रस्ताव को भी अनुमोदन किया गया जिसमें वरिष्ठ उपाध्यक्ष, संगठन मंत्री या महामंत्री एवं उप कोषाध्यक्ष के पद का सर्जन किया गया।

इस अवसर पर संस्थान द्वारा दानदाताओं को भी सम्मानित किया गया। जिसमें श्री अशोक भाटी द्वारा संस्थान को शव को सुरक्षित रखने के लिए वातानुकुलित फ्रीज प्रदान करने के लिए, श्री जगदीश सिंह गहलोत, श्री भरत भाटी, श्रीमती ज्योति टाक, श्री पूनमसिंह कच्छवाहा, श्री गजेन्द्र सिंह टाक को संस्थान में आर्थिक सहयोग प्रदान करने पर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही संस्थान में सक्रिय योगदान देने वाले श्री अरूण पंवार, श्री शिवशंकर गहलोत, श्री नरेश गहलोत, श्री हरेन्द्र सिंह राठौड़, श्री ओमजी झाला एवं श्री रतनसिंह चावड़ा को माल्यार्पण एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री राजेन्द्र गहलोत ने अपने उद्‌बोधन में जोधपुर भवन धर्मशाला द्वारा हरिद्वार में दी जा रही सेवाओं की सराहना करते हुए कहा कि हरिद्वार में जोधपुर भवन धर्मशाला के दोनों भवन में सर्व सुविधा प्रदान की जा रही है। संस्थान के पदाधिकारियों द्वारा संस्थान के भवनों में उचित सुविधाओं से समाज के सभी वर्ग लाभान्वित हो रहे है। उन्होंने संस्थान के सर्वागिण विकास एवं सेवाओं के लिए सभी के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विशिष्ठ अतिथि श्री देवीचंद देवड़ा ने अपने उद्‌बोधन में संस्थान के द्वारा हरिद्वार में आयोजित कार्यक्रम की सफलता के लिए हार्दिक बधाई प्रेषित करते हुए संस्थान द्वारा मानव सेवा में किए जा रहे कार्यो की प्रंशसा करते हुए कहा कि हम सभी समाज के विकास एवं उत्थान हेतु साथ मिलकर समाज के लिए कार्य करे तो समाज में दानदाताओं की कमी नहीं है आज समाज में शिक्षा, रोजगार एवं समाज उत्थान के किये जा रहे कार्यो की समाज ही नही वरन् अन्य समाजों में भी चर्चा होती है जो हमारे समाज के लिए गर्व की बात है।

संस्थान के मंत्री ने सभी सदस्यों को 80लाख 44 हजार रूपये के बजट की प्रस्तुति दी। साथ ही बताया कि गत वर्श जोधपुर भवन 1 व 2 में कुल 44,744 श्रद्धालु ने हरिद्वार भवन में मिल रही सुविधाओं का लाभ उठाया। अभी हरिद्वार के दोनों भवनों में कुल 105 कमरें है जिसमें से सर्वसुविधा युक्त 16 एसी कमरे भी उपलब्ध है इसके अलावा भोजनशाला एवं विशाल हॉल एवं एसी प्रतीक्षालय के साथ ही श्री रामदेवजी, शिव परिवार एवं अन्य देवी देवताओं के मंदिर की भी स्थापना भी की गई है।

इस अवसर पर संस्थान अध्यक्ष श्री बाबूलाल पंवार ने सभी आंगतुकों को दीपावली की हार्दिक बधाई प्रेशित की तथा आम सभा में सभी के सक्रिय योगदान के लिए आभार प्रकट किया।

इस अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष श्री बाबूलाल पंवार, उपाध्यक्ष श्री जेठूसिंह कच्छवाहा, कोषाध्यक्ष श्री प्रेमसिंह देवड़ा एवं संस्थान के ट्रस्टी सदस्य सर्वश्री प्रदीप परिहार, नरेन्द्र सोलंकी, डॉ. चिमनसिंह परिहार, नरपतसिंह सांखला, पृथ्वीसिंह गहलोत, आनंदसिंह कच्छवाहा, अर्जुनराम भाटी, डूंगरसिंह गहलोत, बालाराम सांखला, चेनसिंह पंवार, चंद्र सिंह देवड़ा, महेन्द्र सिंह कच्छवाहा, महेश कुमार टाक, रणछोड़ सिंह गहलोत, जुगल पंवार एवं माणकराम सांखला सीए किशन सिंह सोलंकी सहित संस्थान के आजीवन साधारण सदस्य एवं गणमान्य नागरिकों ने उपस्थित हो सभा को सफल बनाया।



## महात्मा फुले सेवा संस्थान का स्थापना दिवस मनाया

# आज के आर्थिक युग में धन बिना विकास नहीं : सुभाष सैनी





झुंझुनूं। महात्मा फुले सेवा संस्थान का तीसरा स्थापना दिवस शनिवार को नरनारायण मंदिर में मनाया गया। मुख्य वक्ता गुरूकृपा इंफ्रॉस्ट्रक्चर लि. के निदेशक सुभाष सैनी ने कहा कि वर्तमान में पांचवें युग का उदय हो चुका है। जिसका नाम आर्थिक युग हैं इस युग में बिना धन के किसी भी समाज, राज्य देश का विकास नहीं हो सकता। इसलिए माली समाज को अपनी जमीन में फसल के रूप में छुपे सोने को निकाल कर आर्थिक युग में शामिल होने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि दो सौ वर्ष पहले महात्मा ज्योतिबा फुले ने भी यह संदेश दिया था कि जमीन में पैदा होने वाला धन ही किसानों का सोना है। इसलिए जमीन को बेचना नहीं चाहिए।

मुख्य अतिथि जिला परिषद के उपप्रमुख बनवारीलाल सैनी ने कहा कि समाज के युवाओं को विकास की ललक ही समाज के विकास के शिखर तक पहुंचाती है। समाज कृषि के क्षेत्र में आगे बढ़ने की बजाय पिछड़ रहा है। सरकार ने उन्नत खेती नई तकनीक के लिए विभिन्न योजनाएं चला रखी है। किसानों को इसका लाभ उठाना चाहिए। कलेक्ट्रेट के लेखाकार लीलाधर ने युवाओं को वॉट्सएप फेसबुक से दूर रहकर लक्ष्य को निर्धारित करने की जरूरत बताई। इससे पहले संयज सैनी ने संस्था का परिचय दिया।

पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष बबली सैनी ने युवा शक्ति समाज विषय पर व्याख्यान दिया। कार्यक्रम के दौरान संस्थान के भवन निर्माण करने में सहयोग देने वाले भामाशाहों का सम्मान किया गया। इस अवसयर पर छगनलाल धूपिया, बीमा एवं प्रावधायी विभाग की उप निदेशक सरिता सैनी, मोहनलाल चूड़ीवाल, चिड़ावा के पूर्व चेयरमैन ओमप्रकाश सैनी, सीटीओ मनफूल सैनी, चंद्रप्रकाश धूपिया, इंद्राजसिंह, गोपाल सैनी, मेहर कटारिया, गौरीशंकर सैनी सहित बड़ी संख्या में समाज की महिलाएं पुरूष मौजूद थे।

मैं शुक्रगुजार हूँ
उन तमाम
लोगों का
जिन्होंने बुरे वक्त
में मेरा साथ
छोड़ दिया
क्योंकि उन्हें भरोसा
था कि मैं मुसीबतों से
अकेले ही
निपट सकता हूँ

## मुस्कान सैनी ने किया अंर्तराष्ट्रीय फुटबाल में उत्कृष्ट प्रदर्शन



बगड। प्रीतिदेवी मेमोरियल सोसायटी के ट्रस्टी राधाकृष्ण सैनी की पुत्री मुस्कान सैनी का अंडर 19 भारतीय फुटबाल टीम में चयन हुआ है।

सोसायटी के संस्थापक प्रो. हितेश सैनी ने बताया कि वलसाड जिला टीम की कप्तान मुस्कान सैनी स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इण्डिया की ओर से आस्ट्रेलिया में 22 से 30 नवम्बर तक होने वाले अंडर 19 वर्ग के फुटबाल टूर्नामिन्ट में भाग लेते अपनी टीम के लिए शानदार प्रदर्शन किया। उनके प्रतियोगिता में भाग लेकर पुन: भारत लौटने पर समाज के लोगों ने स्वागत किया। उनके इस प्रदर्शन से माली सैनी संदेश बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना करता है।

# सांचौर में माली समाज प्रतिभा एवं सम्मान समारोह संपन्न





सांचौर। नगर के माली समाज धर्मशाला में माली युवा संगठन द्वारा प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन संत मोहनराम महाराज के सानिध्य में तथा मोतीबाबा फुले के मुख्य आतिथ्य में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। प्रतिभा समारोह को संबोधित करते हुए मोतीबाबा फुले ने कहा कि शिक्षित समाज ही विकास की राह पर अग्रसित हो सकता है। उन्होंने शिक्षा को बढ़ावा देने की बात कही। जालोर नगरपरिषद सभापति भंवरलाल माली ने कहा कि शिक्षित बालिका दो परिवारों का नाम रोशन करती है। उन्होंने समाज की प्रतिभाओं को आगे आने का अवसर देने की बात कही। भगवानराम सुंदेशा ने समाज विकास पर बल देते हुए समाज बंधुओं से समाज विकास में अपनी महती भूमिका अदा करने का आह्वान किया। समारोह में मुकेश कुमार, सांवलाराम गहलोत, सरपंच सरूपाराम सोलंकी, होथीगांव सरपंच, सवरूपाराम सोलंकी, गंगाराम परमान ने भी संबोधित किया। इस अवसर अमराराम परमार, खेताराम, हरिराम देवाराम, कुंभाराम, देवाराम, पूनामाराम परमान सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद रहे।

**पुरस्कार पाकर खिले चेहरे :** प्रतिभा समारोह के दौरान माली समाज की कक्षा दसवीं व बारहवीं में समाज स्तर पर प्रथम स्थान पर रहने वाली प्रतिभाओं को भामाशाहों द्वारा रजत मेडल, स्मृति चिन्ह, स्कूल बैग को पुरस्कार के रूप में वितरण किए गए, वहीं पुरस्कार पाकर प्रतिभा के चेहरे खिले नजर आए।

# खेतड़ी तहसील के क्षेत्र में शीघ्र लगेंगे सीसीटीवी कैमरे : सैनी

## शहीद धर्मपाल की पुण्यतिथि पर विधायक ने योजनाएं पूरी करने का दिया आश्वासन

खेतड़ी नगर। ग्राम पंचायत गोठडा की ढाणी जैसावाली के शहीद नायक धर्मपाल सैनी की तीसरी पुण्यतिथि मनाई गई।

बाईपास स्थित शहीद स्मारक स्थल पर हुए समारोह के मुख्य अतिथि खेतड़ी विधायक पूर्णमल सैनी थे। विधायक ने समारोह के दौरान कहा कि खेतड़ी तहसील की सुरक्षा के लिए मुख्य स्थानों पर विधायक कोटे से साढे उन्नीस लाख रूपये के सीसीटीवी कैमरे लगाये जायेंगे। उन्होंने कहा कि शहीदों को समाज श्रद्धा की दृष्टि से देखता है आने वाली पीढी को इनके जीवन से प्रेरणा लेकर देश के निर्माण में सहयोग करना चाहिए। पण्डित कैलाशचन्द्र शर्मा ने गायत्री यज्ञ करवाया। शहीद की पुत्री किरण ने यज्ञ में आहूति दी।

शहीद के भाई राधेश्याम सैनी ने विधायक से शहीद स्मारक स्थल से ढाणी तक पास हुई सड़क का काम शुरू करवाने, गोठडा स्कूल को शहीद के नाम करने, जयपुर में शहीद के नाम पर मिलने वाला फ्लैट के मामले में जानकारी लेकर जल्द ही आंवटित करवाने का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर खेतड़ी के पिता ताराचंद सैनी, माता कमला देवी, वीरांगना संतरा देवी सहित परिजन उपस्थित थे।



**शहीद के घर तक नहीं बनी सड़क**

शहीद के घर से स्मारक स्थल तक साठ लाख रूपये की सड़क का शिलान्यास पूर्व जलदाय मंत्री डॉ. जितेन्द्रसिंह ने किया था। करीब दो साल बीत जाने के बाद भी सड़क का काम शुरू नहीं हुआ। शहीद के भाई ने बताया कि पूर्व जलदाय मंत्री ने विधायक कोटे से शहीद की प्रतिमा के लिए दो लाख रूपये स्वीकृत किये थे लेकिन वे भी अभी तक नहीं मिले।

# देश में सबसे अधिक दूध का उत्पादन वाला राज्य बनेगा राजस्थान: सैनी



टोंक। कृषि मंत्री प्रभूलाल सैनी ने खाद बीज की कालाबाजारी पर सख्ती से नकेल कसने पर जारे देते हुए मिलावट आदि के मामलों में कठोर कदम उठाने के संकेत दिए हैं।

सैनी शनिवार को टोंक में आयोजित एक कार्यक्रम में भाग लेने के बाद सर्किट हाउस में प्रेस से बातचीत कर रहे थें इस में उन्होंने दावा किया है कि जल्द ही दूध का उत्पादन 20 लाख लीटर प्रतिदिन से बढ़ाकर वर्ष 2020 तक 40 लाख लीटर प्रतिदिन हो जाएगा। इसके लिए आवश्यक प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने डेयरी उत्पादनों में मिलावट आदि पर अंकुश लगाने के लिए भी सख्त कदम उठाए जाने की बात करते हुए कहा कि देश में दिल्ली के बाद जयपुर में एक अलग से लेबोरेट्री स्थापति की जाएगी। इसमें जिले की डेयरी और दूध विक्रेताओं के सैम्पिलांग की जाकर जांच की जा सकेगी। उन्होंने घी व दूध में मिलावट की बात भी स्वीकार की। फसल के लिए खाद-बीज की कालाबाजारी और किल्लत को रोकने के लिए अभियान चलाया जाएगा।

इससे पूर्व कृषि मंत्री प्रभूलाल सैनी राजस्थान को-ऑपरेटिव डेयरी फैडरेशन टोंक के अध्यक्ष पद के शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में टोक सरस डेयरी संघ परिसर में कृषकों एवं पशुपालकों को सम्बोधित कर रहे थे। हमारा राज्य दूध उत्पादन में देश में दूसरे स्थान पर है। जो किसानों एवं पशुपालकों की मेहनत का ही नतीजा है। राज्य सरकार ने जयपुर डेयरी के अत्याधुनिकरण के लिए 175 करोड़ रूपए स्वीकृत किए हैं साथ ही दूध और दूध से बने पदार्थों में मिलावट को रोकने के लिए 8 करोड़ का प्लान्ट भी स्थापित किया गया है। राज्य सरकार एक माह में करेगी। साथ ही 200 पशु चिकित्सालय एवं 525 पशु चिकित्सक भी मिलेंगे। उन्होंने कहा कि दो हजार 224 कृषि पर्यवेक्षकों को नियुक्ति दी जा चुकी है।

पशुपालकों के लिए हेल्पडेस्क (सहायता टेबल) की रूपरेखा भी तैयार की जा रही है। जिसके तहत किसी भी पशुपालक को दुधारू पशु के लिए लोने मिल सकेगा। साथ ही पशु निशुल्क दवा वितरण की कार्य योजना भी तैयार की जा रही ही।

**मिलावट की जांच मशीन का किया उद्घाटन :** कार्यक्रम के आरम्भ में कृषि मंत्री प्रभुलाल सैनी ने टोंक डेयरी संघ के परिसर में दूध मे मिलावट की जांच के लिए इलेक्ट्रानिक मशीन का फीता काटकर शुभारम्भ भी किया।

**जिले को दी सौगात :** कृषि मंत्री प्रभुलाल सैनी ने जिले को कइै सौगतें दी। उन्होंने मालपुरा डेयरी प्लांट को फिर से शुरू करने, आइसक्रीम, फलवर्ड दूध एवं मिठाई का प्लांट लगाने की घोषणा की। उन्होंने मालपुरा में कैटल फीड (स्टोर) तथा टोंक में पशुपालकों के लिए ट्रेनिंग सेन्टर खोलने के लिए 15-15 लाख रूपए की घोषणा की। उआगामी दिनों में राष्ट्रीय राजमार्ग 12 पर सरस मिल्क पार्लर खोले जाएंगे।



## दोनों हाथ नहीं, पर नहीं खोया हौसला

### नारेहड़ा की मुखला सैनी की जिंदादिल से सीखे-सकारात्मकता

कोटपूतली। अक्सर लोग किस्मत के लिए हाथों की लकीरों पर यकीन करते है, लेकिन नसीब उनके भी होते है जिनके हाथ नहीं होते। शहर से 10 किलोमीटर दूर नारेहड़ा की सुश्री मुखला से बेहतर इस बात की भला क्या मिसाल होगी।

होनहार छात्रा मुखला सैनी के जन्म से ही दोनों हाथ नहीं है। फिर भी पूरे हौंसले के साथ वह सिर्फ पैरो के सहारे इस साल 12वीं कक्षा में पढ़ रही है। मुखला भले ही विद्यार्थियों व स्कूल प्रशसन के लिए आकर्षण का केन्द्र बनी हुई हो, लेकिन उसके उम्मीद है कि इसी हौंसले की बदौलत वह जरूर एक दिन ऊंचे मुकाम पर पहुंचेगी। पैरों से पेन पकड़कर लिखने के बावजूद उसकी लेखन गति अच्छी है, साथ ही लिखावट भी सुंदर है।

नारहड़ा के विवेकानंद उच्च माध्यमिक विद्यालय में 12वीं कक्षा में पढ़ने वाली मुखला के जन्म से ही दोनों हाथ नहीं होने के बावजूद उसके हौंसले आसमान से ऊंचे है। उसके हौंसलों के आगे पूरा गांव नतमस्तक है।

मुखला रोजमरा के कामों के अलावा अपने दैनिक गृह कार्य भी पैरों से करती है। पहले मां अपने हाथों से खिलाती थी, फिर एक दिन उसने अपने पैरों से पेन की तरह चम्मच पकड़कर खाने की कोशिश की जिसमें वह सफल रही।

स्कूल संचालक रतन लाल सैनी ने बताया कि मुखला को अब कोई परेशानी नहीं होती। वह अन्य बच्चों की तरह लिखने-पढ़ने में माहिर हो गई है।

इतिहास साक्षी है कि मनुष्य के संकल्प के सामने देव-दानव सभी पराजित हुए। मुखला ने बताया कि सभी लोगों के सहयोग से वह आज इस मुकाम पर पहुंची है। वह कभी भी विचलित नहीं हुई।

## देश के सबसे युवा आई. ए. एस.

# कुछ भी इंपॉसिबल नहीं – डॉ रोमन सैनी

**रोमन सैन फर्स्ट अटेमट में ही सिविल सर्विसेज एग्जाम-2013 में 18वीं रैकं प्राप्त करआइएएस के लिए चुने गए है। आइए जानते है कैसे हासिल किया रोमन ने इस मुकाम को।**

मैं सिविल सेवा परीक्षा 2013 में पहली बार सम्मिलित हुआ, लेकिन पूरी तैयारी के साथ। मुख्य परीक्षा और इंटरव्यू के बाद में टॉप 100 में आने को लेकर आश्वस्त था, लेकिन जब पता चला कि 18वीं रैंक आई है तो सुखद आश्चर्य हुआ। इसके बारे में कभी सोचा नहीं था। खुद को टॉप 20 देखना मेरे लिए एक खुशनुमा अहसास है।

**सबने रखा जरूरतों का ख्याल**

मैं किशोरावस्था तक जयपुर में अपने परिवार के साथ रहा। पापा ने शुरू से ही पढ़ाई के लिए प्रेरित किया। मां इस बात का पूरा ख्याल रखती थी कि मुझे किसी भी तरह से पढ़ाई में डिस्टरबैंस न हो। भईया ने भी मेरी जरूरतों का हमेशा ख्याल रखा। सब कहूं तो फैमिली, रिलेटिव्स और फ्रेड्स के सपोर्ट के बिना इस मुकाम तक पहुंचना मुश्किल था।

**भटकने नहीं दिया ध्यान**

मैंने 16 साल की उम्र में 2008 में पहले अटेम्प्ट मे ही एमबीबीएस कांम्लीट कर लिया था। बतौर जूनियर रेजिडेंट डॉक्टर मैंने नई दिल्ली के एम्स में 30 जून 2014 तक अपनी सेवाएं दी। 8 घंटे इंटर्नशिप करते हुए लगभग 6 घंटे स्टडी के लिए समय निकाला। इस दौरान किसी तरह से अपना ध्यान भटकने नहीं दिया।

**जब पूछा गया दहेज पर सवाल**

मेरा इंटरव्यू अमर प्रतापसिंह (सीबीआई के पूर्व डायरेक्टर) के बोर्ड में था। इंटरव्यू में कई रोचक सवाल पूछे गए। एक सवाल यहा था कि आपके राज्य में शादी में दहेज तो काफी मिलता है, तब तो आपकी भी बोली लगेगी। इस पर मेरा जवाब था कि एक आईएएस इन सब बातों में विश्वास नहीं करता।

**चैलेजिंग है प्रोफेशन**

सिविल सर्विजेज के प्रति युवाओं का अट्रैक्शन लगातार बढ़ रहा है। आज गांवों और छोटे शहरों के स्टूडेंट्स भी इस सेवा के लिए चुनकर आ रहे है। यह एक ऐसा प्रोफेशन है, जिसमें बहुत बड़ी जिम्मेदारी मिलती है। आप उस पोस्ट पर बैठे होते है, जिससे लोगों की उम्मीदे आपसे जुड़ी होती है। उन उम्मीदों को पूरा करने के लिए गवर्नमेंट आपको पॉवर देती है। किसी और प्रोफेशन में यह सब नहीं मिल सकता।

**संयम का साथ**

एक प्रशासनिक अधिकारी पर बहुत बड़ी जिम्मेदारी होती है। उसे सोसायटी में अलग-अलग लोगों के बीच काम करना पड़ता है। उसे शांति के साथ सबको बात सुननी पड़ती है। उसके लिए ईमानदार, धैर्यवान और मेहनती होना बेहद जरूरी है।

**स्केलिंग हटने का फायदा**

सिलेक्स में बदलाव अच्द्या कदम ह। सी-सैक के आने से स्केलिंग हट गई। फर्स्ट टाइम जो एग्जाम दे रहे है, उनके लिए आसान है क्वेश्चस। 2-3 अटेम्ट देने वाले लोग पहले के सिलेबस का फायदा उठा लेते थे, लेकिन सी-सैट और मेन्स से इथिक्स पेपर के आने के बाद अब ऐसी बात नहीं रही।

**जो भी पढ़े, याद रखें**

सिविल सेवा परीक्षा में शामिल होने की सोच रहे अभ्यर्थियों को कम से कम एक से डेढ़ साल 5 से 6 घंटे रेगुलर पढ़ाई करनी चाहिए। एग्जाम के दो महीने पहले 9 से 10 घंटे पड़ना चाहिए। पर जितना भी पढ़ें, उसे पूरी तरह से समझने की कोशिश करें। प्लॉन बनाकर पढ़ाई करें। प्रिलिम्स और मेन्स में ऑप्शनल मेडिकल साइंस था, इसलिए इसकी तैयारी के लिए मुझे बहुत परेशान नहीं होना पड़ा। एनसोइआरटी, बेसिक बुक्स और द हिंदू न्यूजपेपर पर फोकस किया। इंटरव्यू के लिए संकल्प से मदद मिली।

**मदद की पहल**

**मैं उन आईएएस एस्पिरेट्स की मदद करना चाहता हूं, जो कोशिश कर पाने में सक्षम नहीं है। उनकी मदद के लिए मैंने यू-ट्यूब पर अनएकेडमी नाम से एक प्रोग्राम स्टार्ट किया है। इसे काफी पंसद किया जा रहा है। मुझे खुशी है कि मेरा प्रयास किसी को रास्ता दिखा रहा है।**



**डॉ. रोमन सैनी**

- स्कूली पढ़ाई जयपुर से
- फर्स्ट अटेगट में एमबीबीएस
- फर्स्ट अटेम्प्ट में आइएएस
- प्रिलिम्स, मेन्स और एसे में इंडिया में सर्वाधिक स्कोर
- लंदन के ट्रिनिटी कॉलेज से प्रोफेशनल गिटारकी डिग्री
- अनएकेडमी प्रोग्राम के माध्यम से सिविल सर्विसेज एस्पिरेट्स को प्रोत्साहन
- पिता : रामावतार सैनी, इंजीनियर
- मां : अनिता सैनी, हाउसवाइफ
- बड़े भाई : आवेश सैनी, डॉक्टर
- एमबीबीएच की पढ़ाई और इंटर्नशिप के बावजूद मेन्स में पूरे भारत मे सर्वाधिक स्कोर कर, इस धारणा को तोड़ा कि इतने मावर्स ला पाना संभव नहीं है। मेरा मानना है कि अगर आप ठान लें, तो इस दुनिया में कुछ भी इपॉसिबल नहीं है।



### यंगेस्ट आईएएस ऑफिसर और एंटरप्रिन्योर डॉ. रोमन सैनी एमएनआईटी में स्टूडेंट्स से रुबरु हुए

# हर शख्स जीनियस है, फर्क है तो बस खास काबिलियत का

जयपुर। जिंदगी में सक्सेस का ग्राफ हासिल करने के लिए मोटिवेशन के साथ पॉजिटिव थिंकिग चाहिए। यही वजह है कि अल्बर्ट आइंस्टाइन ने भी कहा था कि 'हर शख्स जीनियस है, लेकिन एक मछली की योग्यता इस बात से तय करते हो कि वह पेड़ पर चढ़ जाएगी, तो अपनी पूरी जिंदगी यह सोचकर गुजार देगी कि वह बेवकूफ है।' यानी हर शख्स को अपना जीनियस तलाशने और खास काबिलियत को पहचानने की जरूरत है। क्या पता यही एक सोच आपको इंजीनियरिंग के बजाय कुछ ओर करने की राह दिखा दे।

आपको वही करना चाहिए जिसमें वे अपना बेहतर दे सकें, साथ ही उसकी प्रतिभा बेहतर तरीके से सामने आए। एमएनआईटी के सेंट्रल लॉन में यंगेस्ट आईएएस, जबलपुर के असिस्टेंट कलेक्टर और एंअरप्रिन्योर जयपुर के डॉ. रोमन सैनी ऐसे ही कुछ मोटिवेशनल अंदाज में स्टूडेंट्स और प्रोफेसर्स से रूबरू हुए। उन्होंने 'हाउ टु स्टडी इफेक्टिवली एंड प्रिपेयर स्ट्रेटेजी फॉर क्राफ्टिंग ड्रीम्ड कॅरिअर' सब्जेक्ट पर आयोजित मोटिवेशनल टॉक अपने एक्सपीरियंस शेयर किए।

**सक्सेस का कोई शॉर्ट कट नहीं**

सक्सेस की की सीढ़ियों तक पहुंचने के लिए शॉर्ट कट कभी काम नहीं आते। सफलता के लिए मेहनत करनी होगी। वहीं स्टडी करते हुए टुकड़ों में बांट कर यानी छोटे-छोटे ब्रेक लें। पढ़ाई एक साथ करने के बजाय रोजना थोड़ी-थोड़ी करें। रोजाना एक प्रतिशत नॉलेज बढ़ाने की कोशिश करेंगें तो एक साल में ही काफी बदलाव आ जाएगा।

**किसी एक सफलता पर रूकें नहीं, आगे बढ़ें**

जीवन में जो लोग संतुष्ट हो जाते हैं, वे ठहर जाते हैं। यदि आप आगे बढ़ना चाहते हैं तो संतुष्ट न हों। बस, अचीव करें और बढ़ते रहें। अपनी लिमिट्स को पुश करने की कोशिश करें। भेड़चाल में दूसरों को फॉलो न करें। अपने कॅरिअर के बार में फैसला लेने का हक सिर्फ आपको है, इसलिए अपने कॅरिअर के लिए स्टैंड लें।

**अपनी प्रायोरिटीज को सेट करें**

आईएएस की तैयारी के बारे में कहते हैं कि सबसे पहले सिलेबस को पढ़ना जरूरी है। सिलेबस कम्पलीट होने से तैयारी का आधार मजबूत हो जाएगा साथ ही बताया कि 'जो लोग यह कहते हैं कि उनके पास टाइम ही नहीं है, दरअसल वे अपनी प्रायोरिटीज तय नहीं कर पाते, इसलिए पूरे दिन में अपने काम की प्रायोरिटी तय करें।

**स्टूडेंट का सवाल : अनएकेडमी यूट्यूब चैनल की इंस्पिरेशन कहां से मिली?**

जवाब : जयपुर के यंगेस्ट आईएएस ऑफिसर कहते हैं कि हर साल दिल्ली में लाखों स्टूडेंट्स आईएएस की तैयारी के लिए आते हैं। अक्सर पैसों की कमी होने के बावजूद स्टूडेंट्स को कोचिंग का रूख करना पड़ता है। ऐसे ही अनेक स्टूडेंट्स के लिए बतौर प्रयोग एक वीडियो अपलोड किया था। सुबह देखा कि उस वीडियो को 25 हजार व्यूज मिले। रोमन फिलहाल स्टूडेंट्स को यूट्यूब, फेसबुक, टिवटर व मोबाइल एप्लीकेशन के जरिए फ्री में मदद कर रहे हैं।

## माली समाज के सदस्यता अभियान का किया पोस्टर विमोचन



कापरड़ा/पीपाड़ शहर। माली छात्रावास पीपाड़ शहर के नव निर्माण को लेकर माली सैनी शिक्षा सेवा संस्थान के सदस्यता अभियान को लेकर नव चयनित आरएएस अधिकारी परमाराम टाक व अमृतलाल सांखला के सान्निध्य में पोस्टर विमोचन किया गया।

आरएएस परमाराम ने कहा कि समाज के विकास के लिए शिक्षा के क्षेत्र में युवा आगे आए और पोस्टर बैनर लगाकर छात्रावास का प्रचार प्रसार करें। जिसका फायदा समाज के नौजवानों को मिल सकें व शिक्षा के साथ छात्रावास में कोचिंग कलांशों के संचालन की हिदायत दी। संस्थान द्वारा नवम्बर में सदस्यता अभियान चलाकर छात्रावास की प्रबंध कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा।

# रोटरी क्लब शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न डॉ. मोहन माली अध्यक्ष बने






भंवरासा। देवास जिले का विकासखण्ड भौंरासा जहां पर समाज की संस्था अच्छी खासी है। लायंस क्लब ऑफ भौंरासा के वर्ष 15-16 के शपथ ग्रहण समारोह में डॉ. मोहनलाल माली ने अध्यक्ष पद हेतु एवं सचिव पद हेतु श्री कन्हैयालाल खाटवा ने पद की मर्यादा एवं जनसेवा हेतु शपथ ली। विधिवत पूर्व अध्यक्ष श्री हेमंत-चौऋसिया ने अपना कार्यभार डॉ. मोहनलाल माली को सौंपा।

इस गरिमामय कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे श्री नरेन्द्र राजपूत (जि.पंचा. अध्यक्ष देवास) एवं श्री राजेन्द्र वर्मा (क्षेत्रिया विधायक) विशेष अतिथि थे श्री दर्शनसिंह गांधी (मण्डलाध्यक्ष 16.17), डॉ. जामीन हुसैन (मण्डलाध्यक्ष 17-18) श्री गजानंद रामी (प्रांतीय सचिव-श्री गुजराती रामी माली समाज), श्री राजेन्द्र यादव (न.पा. अध्यक्ष प्रति.) श्री जीवनसिंह ठाकुर (न.पा.उपा.) थे। अध्यक्षता की श्री हेमंत चौऋसिया (पूर्व अध्यक्ष) ने।

सर्वप्रथम रोटरी जनक के चित्र पर माल्यापर्ण कर द्वीप प्रज्वलन किया गया। कार्यक्रम को विधिवत शुरू करने की घोषणा क्लब सचेतकर बंशीलाल कारपेन्टर ने की। चर्तुविद का स्वागत डॉ. मोहनलाल माली एवं कन्हैयाला खाटवा द्वारा किया गयां स्वागत भाषण एवं अतिथि परिचय के साथ ही वर्तमान कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की डॉ. रामकिशन माली ने। पिछले वर्ष का लेखा-जोखा प्रस्तु किया श्री हेमंत चौऋसिया ने एवं आगामी वर्ष की कार्ययोजना प्रस्तुत की डॉ. मोहनलाल माली ने। पश्चात् अतिथि उद्बोधन हुआ, जिसमें रोटरी क्लब सेवा कार्यो की सभी अतिथियों द्वारा प्रशंसा की गई। इसके बाद अतिथियों को एवं ग्राम में उत्कृष्ट कार्य, सेवा कार्य करने वालो को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में श्री कमल पटेल एवं श्री अनोखीलाल राठौड़ ने क्लब की सदस्यता ग्रहण की। पश्चात श्री चौऋसिाया द्वारा डॉ. माली को कालर पहनाकर अध्यक्षता का दायित्व सौंपा। कार्यक्रम का संचालन श्री प्रकाश मंत्री ने किया एवं आभारी निवृत्तमान सचिव श्री किशोर वर्मा ने माना।

इस अवसर पर सर्वश्री प्रदीप मंत्री, अनिल मंत्री, रमेश ज्ञानी, राधेश्याम शर्मा, पार्षद गोवर्धनलाल बोडाना, भौंरासा समाज अध्यक्ष श्री जमनालाल पहलवान, भाजपा नेता श्री बाबुलाल डोडिया, छोगालाल चौधरी, पीरू भाई ठेकेदार, श्यामलाल पटेल, विक्रम कुमावत, राजेश चौहान, संजय यादव, मोहन जोशी, थाना प्रभारी श्रीमती शैलजा भदौरिया सहित भंवरासा देवास के गणमान्य नागरिक मौजूद थे। इस अवसर पर काफी बड़ी मात्रा में मातृशक्ति भी मौजूद थी।



## माली समाज के वरिष्ठों का सम्मान

उज्जैन। पिछले दिनों देवास में श्री गुजराती रामी माली समाज पंच द्वारा सुन्दर काण्ड पाठ का आयोजन एवं समाज वरिष्ठों का सम्मान किया गया।

जिसमें प्रांतीय सचिव गजानन्द रामी को सम्मानित करते हुए समाज संरक्षक श्री रघुनाथ जाधव, श्री बद्रीलाल पहलवान, प्रांतीय अध्यक्ष श्री यादवलाल चौहान एवं शाजापुर अध्यक्ष श्री रमेश चौहान।

माली सैनी समाज का ऐतिहासिक सम्मेलन आयोजित.......

# सामुहिक विवाह में 21 जोड़ों बधें प्रणय सूत्र में





बर (पाली)। ढ़ोल नगाड़ों की धुन बेण्डबाजों की सुरमाई और राजस्थानी गीतों से रंगीन हुआ माहौल रंगबिरगी पगड़ीयों से सज्जे माली समाज के लोग स्वर्ण आभूषणों व रंगीन वस्त्रों में सजी धजी महिलाऐं व अटखेलियां करते बच्चे ऐसा मंत्रमुग्ध माहौल दिखा रविवार को मिला माली सैनी समाज के बर में आयोजित हुऐ प्रथम सामुहिक विवाह सम्मेलन में। आयोजन की शुरूआत समाजिक परम्पराओं के अनुसार बुर्जुगों के आर्शीवाद से हुआ। कस्बे में सामुहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन क्षैत्रिय माली समाज नवयुवक विकास सेवा समिति के नेतृत्व में पाली रोड़ स्थित महात्मा ज्योतिबा फूले संस्थान परिसर में हुआ। इस सम्मेलन में तलसी विवाह सहित इक्कीस जोड़े ने आपस में आपना हाथ थामकर जीवन भर साथ निभाने की वचन वैला की।

इस आयोजन में राजस्थान सहित बैगलोंर मद्रास हैदराबाद पुना सहित विभिन्न राज्यों से माली समाज के लोगों ने भाग लिया आयोजन में हजारों की तादाद में समाज बन्धु उपस्थित रहे। इस आयोजन ने आये सभी समाज बन्धुओं को राजस्थानी परमपरा के अनुसार माला व साफा पहनाकर स्वागत किया गया। इस मौके पर मोतीबाबा ने कहा की सामुहिक विवाह सम्मेलन में ज्यादा से ज्यादा विवाह होने चाहिए। महात्मा ज्योति बा फूले जागृति मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोतीबाबा फूले ने कहा की सम्मेलन में शादी करना समाज के लिए एक वरदान के बराबर है। समाज के माली समाज के पुष्कर संस्था के अध्यक्ष ऊँकांरराम कच्छावा ने समाज बन्धुओं को सम्बोधित किया। आयोजन के समापन के दौरान समिति के प्रवक्ता व मंच संचालनकर्ता महेन्द्र चौहान ने आयोजन को सफल बनाने के लिए बर मेघड़दा माली समाज का समिति की तरफ से आभार प्रकट किया।

**आयोजन समिति को लगी बधाई की जड़ी :-**

बर कस्बे में क्षैत्रिय माली समाज नवयुवक विकास समिति को प्रथम सामुहिक विवाह आयोजन के सफल आयोजन होने पर जिला कलेक्टर कुमार पाल गौतम जिला पुलिस अधिकक्षक दीपक भार्गव जिला मुख्यकार्यकारी अधिकारी आषुतोश गुप्ता सहित प्रदेशभर के समाज बुन्धओं व राजनेताओं ने बधाई दी। आयोजन समिति के प्रवक्ता एव मंच संचालनकर्ता महेन्द्र चौहान ने बताया की आयोजन को लेकर जिला प्रशासन ने सामुहिक विवाह सम्मेलन के सफल आयोजन पर शुभकामनाऐं सन्देष समिति को प्रेषित किये है।

**पुलिस प्रशासन ने किय सुरक्षा के पुख्ते इन्तजाम :-**

बर कस्बे में रविवार को आयोजित हुऐ माली समाज के सामुहिक विवाह सम्मेलन में समिति के प्रवक्ता महेन्द्र चौहान ने जिला पुलिस अधिकक्षक को आयोजन में पुलिस सुरक्षा व्यवस्था की मांग जिस पर जिला पुलिस अधिक्षक दीपक भार्गव ने जैतारण वृताधिकारी वीरसिंह शेखावत के नेतृत्व में आयोजन में सुरक्षा व्यवस्था करने के निर्देष जिस पर चौकी प्रभारी छगन डांगी , अन्नाराम सिरवी एएसआई, रतनलाल सिरवी हैडकान्सटेबल को मय जाप्ता सहित आयोजन में सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी दी।

**तीसरी आंख की रही नजर :-**

सम्मेलन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर समिति की तरफ से चालिस से अधिक सी.सी.टी.वी कैमरों की व्यवस्था कर रखी थी जिससे एक स्थान पर कन्ट्रोल रूम पर आयोजन समिति ने विशेष नजर रखी। विशाल प्रागण में चार स्थानों पर भोजन , फैरे , मंच, बारात, के अलग - अलग स्थानों पर कार्यक्रम का आयोजन हुआ हर स्थान के चप्पे चप्पे पर कैमरो से पैनी नजर बना रखी थी जिससे आयोजन में छोटी मोटी भी घटना सामने नही आई।

**ये रहे उपस्थित :-**

इस मौके पर पूर्व राजसिको चेयरमेन सुनिल परिहार, महात्मा फूले जागृति मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोतीलाल सांखला, पूर्व चैयरमेन ब्यावर डुगरमल सैनी, प्रमोद सांखला, भामाशाह शंकरलाल बागड़ी पूना, रामप्रकाश गहलोत जैतारण, जैतारण चैयरमैन मंजुभाटी, गिरी सरंपच सुमित्रा चौहान, बिराटिया सरपंच ओमप्रकाश बागड़ी, भामाशाह कैलाश काबली पाली, उपजिला शिक्षा अधिकारी संपतराज तंवर, मानवाधिकार सुरक्षा समिति के प्रदेशध्यक्ष डॉ. महेन्द्र भाटी, उपसरपंच बर सुखलाल बागड़ी, मिश्रीलाल सोंलकी, मदनलाल चौहान पूर्व सरपंच गिरी, अमराराम राबड़ियास, बाबुलाल गहलोत, गौतमचन्द बागड़ी, सहित आयोजन समिति के अध्यक्ष रामस्वरूप भाटी, प्रवक्ता महेन्द्र चौहान, कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश दगदी, रामपाल मिस्त्री, लाबुराम चौहान, गणपतलाल चौहान, ओमप्रकाश गहलोत, वेदराज दगदी, ताराचन्द बागड़ी, चम्पालाल दगदी, ओगड़राम चौहान, जसाराम पालड़िया, सचिव राजेन्द्र बागड़ी, सम्पतराज चौहान, मुन्नाराम बागड़ी, प्रकाश गहलोत सहित हजारों की तादाद में समाज बन्धु उपस्थित रहे।

# 324 सैनी प्रतिभाओं का टोडा में सम्मान

## टोडारायसिंह में सैनी युवा महासभा के तत्वावधान में कार्यक्रम




टोडारायसिंह। माली समाज गौरवाशाली रहा है। समाज ने महात्मा जयोतिबा फूले जैसे महात्मा को जन्म दिया है। इस दुनिया की बससे बड़ी ताकत समाज ही है। ऐसे में समज अपने को कभी कमजोर नहीं समझे। समाज दस पार्टी बन सकता है लेकिन दस पार्टियां एक समाज नहीं बना सकती हैं। यह बात कस्बे के नृसिंह मंदिर परिसर पर रविवार को आयोजित (माली) युवा महासभा टोडरायसिंह की ओर से द्वितीय तहसील स्तरीय प्रतिभावन छात्र-छात्रा एवं कर्मचारी सम्मान समारोह में कृषि एवं पशुपालन मंत्री प्रभुलाल सैनी ने मुख्य अतिथि के रूप में कही।श्री सैनी ने कहा कि बीसलपूर बांध में पानी डालकर जिले के प्रत्येक गांव व ढ़ाणी में पेयजल कार्य 2016 तक पूरा होने की संभावना है। कृषि के क्षेत्र में किसानों के लिए कई योजनाएं ला रही है। ग्रीन हाउस व पेक हाउस बनवाने जैसी कई योजनाएं है। इसके अलावा पल्लेदारों के लिए भी जनकल्याणकारी योजनाएं शुरू करने जा रही है। इस दौरान उन्होंने सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने अपील की, साथ ही विश्वास दिलाया कि वे समाज के लिए कभी पीछे नहीं हटेंगे। उन्होंने नसीहत देते हुए कहा कि राजनीति करनी है तो अकेले समाज के बूते नहीं की जा सकती है, बल्कि सभी समाजों को साथ लेकर ही की जा सकती है। अति विशिष्ट अतिथि क्षेत्रीय विधायक कन्हैयालाल ने कहा कि सम्मान समारोह का आयोजन करने से समाज की प्रतिभाओं को प्रोत्साहन मिलता है। उन्होंने कृषि मंत्री से क्षेत्र के लिए अधिक से अधिक योगदान करने तथा साथ ही मांग की कि कस्बे में थोक सब्जी मंडी बाजार में संचालित होने से काफी परेशानी है। इसे कृषि गौण मंडी में स्थापित कराया जाए। कस्बे के मुख्य बाजार में पशु चिकित्सालय बना है, इससे मवेशियों को लाने ले जाने में काफी परेशानी होती है। कस्बे में ही खाली पड़ी बीसलपुर कॉलोनी में पशु चिकित्सालय को स्थानांतरित करवाया जाए। बागात व लाडपुरा के किसानों के लिए एनीकट बनवा दिया जाए तो वहां के लोगों को काफी फायदा होगा। कार्यक्रम में अध्यक्षता कर रहे धर्मेन्द्र गहलोत महापौर नगर निगम अजमेर, विशिष्ट अतिथि केकड़ी प्रधान पूजा सैनी, समाजसेवी सुरेश अजमेरा ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में समाज के प्रतिभावान 171 छात्र-छात्राओं व 153 सरकारी कर्मचारियों का अतिथियों द्वारा सम्मान किया गया। इस अवसर पर सैनी युवा महासभा के अध्यक्ष सत्यानारायण दग्धी, अशोक आरेडियपा, रामगोपाल पारोप, कन्हैयाला सहित माली समाज के सैकड़ों नागरिक मौजूद थे।

# माली समाज के 26 जोड़े बंधे परिणय सूत्र में

## जयसिंहपुरा खोर में सामूहिक विवाह सम्मेलन



आमेर। जयसिंहपुरा खोर के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में रविवार को देवउठनी एकादशी के अबूझ सावे पर माली समाज की ओर से सामूहिक विवाह सम्मेलन हुआ। इसमें रीति रिवाज के अनुसार 26 जोड़े विवाह बंधन में बंधे। विवाह सम्मेलन में समाज के सैकड़ों लोगों ने भाग लिया। इससे पूर्व दूल्हों की निकासी निकाली गई। निकासी के बाद विवाह पाण्डाल में तोरण, वरमाला की रस्म निभायी गई। इसके बाद पण्डितों ने 26 जोड़ों को पूरे रीति रिवाज के साथ पाणिग्रहण संस्कार सम्पन्न करवाकर सुखी दाम्पत्य का आशीर्वाद दिया। वधुओं को विभिन्न प्रकार का सामान उपहार भेंट किया गया।

# मगरा पूंजला स्थित शांति भवन रामसागर चौराहे पर दीपावली उत्सव मनाय गया



जोधपुर। दिपावली उत्सव में मातृश्री शरणम् संस्थान के संयोजक दिलीप टाक ने बताया कि गरीब बच्चों और विधवा व असहाय महिलाओं एवं परिवारों को मिष्ठान वस्त्र आदि वितरण किये गए।

मुख्य अतिथि जयंत सांखला भाजपा महामन्दिर मण्डल अध्यक्ष और समाजसेवी कानजी सांखला (कानजी स्वीट होम पावटा) उपस्थित थे। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम में पति पत्नी पारम्परिक वेशभूषा में साइकिल रेस की गई। बच्चों ने रस्सा कस्सी रखी गई। साफा बांधना प्रतियोगिता रखी गई साथ ही भोजन रखा गया। योग, पर्यावरण जीव सेवा, हमारी संस्कृति व संस्कार के बारे में बताया गया। जगदीश देवडा ने बताया कि जिस तरह दीपक सभी दिशाओं में अंधेरा मिटाकर रोशनी फैलाता है हम भी समाज के सभी वर्गो को साथ लेकर चले। दीपोत्सव के पावन अवसर पर समाज के गरीब वर्ग के घरों में उजाला होगा। हम कुछ नये कपड़े या अन्य सामान की मदद करके दीपावली को सार्थक बना सकते है।

# संक्षिप्त समाचार

## जयप्रकाश सैनी नेट/ जे.आर.एफ में सफल



लक्ष्मणगढ़ (सीकर) प्रतिभाशाली युवक जयप्रकाश सैनी (सिंगोदिया) इतिहास विषय की नेट/ जे.आर.एफ परीक्षा 2015 में सफल रहे हैं। जयप्रकाश सैनी के पिता श्री झाबरमल सैनी (सिंगोदिया) उपकोष कार्यालय, लक्ष्मणगढ़ में सहायक लेखाधिकारी ग्रेड द्वितीय हैं। जयप्रकाश सैनी वर्तमान में ब्लाक प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी, श्रीमाधोपुर जिला सीकर के अन्तर्गत राजकीय उ.प्रा. विद्यालय डेरावाली (मऊ) में अध्यापक पद पर कार्यरत है। अपने बी.ए. एवं एम.ए. परीक्षाएं प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण की हैं। जयप्रकाश का छोटा भाई इंजिनियर रतनलाल सैनी चुरू में सैनी समाज संस्था द्वारा संचालित 'बैंक प्रतियोगी प्रशिक्षण संस्थान, जोधपुर में बैंक प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहा है। जयप्रकाश के पिताजी श्री झाबरमल सिंगोदिया वर्तमान में सैनी समाज संस्था, लक्ष्मणगढ़ के कोषाध्यक्ष हैं। आप 'महात्मा ज्योतिबा फुले विकास समिति, लक्ष्मणगढ़ के अध्यक्ष रह चुके हैं

## कमलकान्त बालाण को मिली पी.एच.डी. की उपाधि



चुरू। गायत्री नगर, वार्ड नं. 1, चूरू निवासी गोरधनलाल बालाण के पुत्र कमलकांत बालाण को राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान (मानद विश्वविद्यालय) नई दिल्ली ने पी.एच.डी. की उपाधि प्रदान की है। बालण ने एक विंश-शताब्द्या: प्रथम दशकस्य संस्कृत साहित्ये राजस्थानस्य योगदानम' विषय पर शोधकार्य 'मुक्त स्वाध्याय पीठ, राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान, नई दिल्ली के निदेशक प्रो. रमाकान्त पाण्डेय के निर्देशन में किया है।

30 सितम्बर 2015 को नई दिल्ली के जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित पाँचवे दीक्षान्त समारोह में केन्द्रीय मानव संसाधन मंत्री श्रीमती स्मृति ईरानी ने यह उपाधि प्रदान की। इस समारोह में हिमाचल विश्व-विद्यालय के कुलपति श्री अरूण्ण दिवाकरनाथ वाजपेयी, लाल बहादुर शास्त्री संस्कृत विद्यापीठ दिल्ली के कुलपति प्रो. रमेशकुमार पाण्डेय, राष्ट्रीय संस्कृत विद्यापीठ तिरूपति के कुलपति प्रो. हरिकृपा शतपथी एवं संस्थान के कुलपति पी.एन. शास्त्री उपस्थित थे।

इससे पूर्व डॉ. कमलकान्त बालाण ने राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान नई दिल्ली की साहित्याचार्य परीक्षा में स्वर्ण पदक प्राप्त किया था। यूजीसी नेट/ जे.आर.एफ. परीक्षा में आप दो बार सफल रहे हैं। प्रथम बार परम्परागत संस्कृत (73) में तथा द्वितीय बार आधुनिक संस्कृत (25 में)

# युवा शक्ति को आगे आने पर ही समाज का विकास सम्भवः पांचूला सैनी

### निवाई में हुई ऑल इण्डिया सैनी सेवा समाज की बैठक

टोंक। ऑल इण्डिया सैनी सेवा समाज (रजि.) की टोंक की जिला कार्यकारिणी की बैठक निवाई में टिलेश्वर महादेव गली नं. 7 शिवाजी कॉलोनी निवाई जिला टोंक के परिसर में ऑल इण्डिया सैनी सेवा समाज (रजि.) के टोंक जिला अध्यक्ष पांचू लाल सैनी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें संगठन के तहसील अध्यक्ष नियुक्त करते हुए सर्वसम्मति से तहसील स्तरीय कार्यकारिणी का गठन किया गया। बैठक में सर्वप्रथम संगठन के जिला महासचिव रमेश चन्द सैनी रहमानदिया ने बैठक एजेण्डा को जिला सैनी समाज की जिला कार्यकारिणी सहित बैठक में उपस्थित समाजबंधुओं को पढ़कर सुनाया। इसके पश्चात् संगठन के पदाधिकारियों एवं माली समाज के लोगों ने ऑल इण्डिया सैनी सेवा समाज (रजि.) के निवाई तहसील अध्यक्ष पद के लिए सोमेश्वर सैनी के नाम का प्रस्ताव रखा गया। जिसे बैठक में उपस्थित सभी का समर्थन मिला, जिसके पश्चात् जिलाध्यक्ष पांचूला सैनी ने सोमेश्वर सैनी को निवाई तहसील अध्यक्ष नियुक्त कर नियुक्ति पत्र दिया।

बैठक में उपस्थित में उपस्थित पदाधिकारियों एवं समाज के लोगों को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष पांचूला सैनी ने समाज बंधुओं को महापुरूष महात्मा ज्योतिबा फूले, सावित्री बाई फूले, संत सांवता माली, संत लिखमदास, महाराजा शूर सैनी के बताये आदर्शो पर चलकर समाज को आगे बढ़ाना है। समाज की एकजुटता के लिए युवा शक्ति को आगे आने पर ही समाज का सामाजिक, आर्थिक एवं राजनैतिक विकास सम्भव है।

पांचूलाल ने कहा कि समाज की एकजुटता व विकास के लिए समाज के बुजुर्गो व युवाओं दोनों के पुराने व नये अनुभवों को साथ लेकर समाज को सामाजिक, आर्थिक एवं राजनैतिक विकास सम्भव है। पांचूलाल ने कहा कि समाज की एकजुटता व विकास के लिए समाज के बुजुर्गो व युवाओं दोनो के पुराने व नये अनुभवों को साथ लेकर समाज को सामाजिक, आर्थिक एवं राजनैतिक क्षेत्र में आगे बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि समाज को एक मंच पर लाने के लिए मैं हमेशा तन-मन से समाज की सेवा करते हुए समाज में जागरूकता का बैठक में जिला कोषाध्यक्ष प्रभूलाल खरोल्या ने संगठन के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि ऑल इण्डिया सैनी सेवा समाज (रजि.) संगठन पूरे भारत में कार्य कर रहा है। संगठन ने समाज में एकजुटता लाने के लिए संगठन का कार्य विस्तार करते हुए राज्य, जिला एवं तहसील स्तरीय कार्यकारिणी का गठन कर समाज को एक मंच पर लाकर संगठीत करते हुए सैनी समाज का सामाजिक, आर्थिक एवं राजनैतिक स्तर पर समाज का विकास करना है। बैठक में आये हुए समाज बन्धुओं ने आपसी परिचय देकर बैठक की शुरूआत की।

वहीं बैठक में विचार व्यक्त करते हुए संगठन के जिला उपाध्यक्ष राहुल सैनी ने कहा कि हमारा समाज बहुसंख्यीय होते हुए भी अन्य समाजों की दृष्टि में सामाजिक, आर्थिक एवं राजनैतिक से काफी पिछड़ा हुआ है। इसलिए युवाओं की एकजुटता से ही समाज का विकास सम्भव की प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए आयोजित होने वाले सत्र 2014-15 में 10वीं और 12वीं में 70 प्रतिशत अंक अर्जित करने वाले, स्नातक व स्नातकोत्तर में 60 प्रतिशत के मेधावी छात्र-छात्राओं, नवनिर्वाचित जन व विभिन्न प्रतियोगिताओं व परीक्षाओं में चयनित प्रतिभाओं को सम्मानित किये जाने व प्रतिभा सम्मान समारोह की आगामी कार्य योजना पर विचार विमर्श किया गया। इस मौक पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष्र रमेश चन्द कोतवाल, उपाध्यक्ष चिरंजी लाल सैनी, जिला उपसचिव प्रेमचन्द माली, जिला उपसंगठन मंत्री छोटूलाल सैनी, मुरारी लाल सैनी गाड़ोली, उप प्रचार मंत्री बुद्धराज सैनी सोनवा, जिला उप सचिव धन्नालाल तुनकलिया, अशोक सैनी ने समाज की समाज के विकास को बढावा देने के लिए अपने विचार व्यक्त किये।


# माली सैनी सन्देश के आजीवन सदस्य सूची

श्री रामचंद्र गोविंदराम सोलंकी, जोधपुर
श्री नरेश स्व. श्री बलदेवसिंह गहलोत,जोधपुर
श्री प्रभाकर टाक (पूर्वअध्यक्ष नगर पालिका), पीपाड़
श्री बाबूलाल(पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका), पीपाड़
श्री बंशीलाल मरोठिया, पीपाड़
श्री बाबूलाल पुत्र श्री दयाराम गहलोत, जोधपुर
श्री सोहनलाल पुत्र श्री हापुराम देवड़ा, मथानियां
श्री अमृतलाल पुत्र श्री ब्रह्मसिंह परिहार, जोधपुर
श्री भोमाराम पंवार(पूर्व उपा., नगरपालिका, बालोतरा
श्री रमेशकुमार पुत्र श्री शंकरलाल गहलोत, बालोतरा
श्री लक्ष्मीचंद पुत्र श्री मोहनलाल सुंदेशा, बालोतरा
श्री वासूदेव पुत्र श्री बाबूलाल गहलोत, बालोतरा
श्री मेहश पुत्र श्री भगवानदास चौहान, बालोतरा
श्री हेमाराम पुत्र श्री रूपाराम पंवार, बालोतरा
श्री छगनलाल पुत्र श्री मिश्रीलाल गहलोत, बालोतरा
श्री सोनाराम पुत्र श्री देवाराम सुंदेशा, बालोतरा
श्री सुजाराम पुत्र श्री पुनम सुंदेशा, बालोतरा
श्री नरेन्द्रकुमार पुत्र श्री अणदाराम पंवार, बालोतरा
श्री शंकरलाल पुत्र श्री मिश्रीमल परिहार, बालोतरा
श्री घेवरचंद पुत्र श्री भोमजी पंवार, बालोतरा
श्री रामकरण पुत्र श्री किशनाराम माली, बालोतरा
श्री रतन पुत्र श्री देवजी परिहार, बालोतरा
श्री मोहनलाल पुत्र श्री रतनाजी परमार, बालोतरा
श्री कैलाश काबली(अध्यक्ष माली समाज), पाली
श्री घीसाराम देवड़ा(मं. महामंत्री, भाजपा), भोपालगढ़
श्री शेषाराम पुत्र श्री मांगीलाल टाक, पीपाड़
श्री बाबूलाल माली,(पूर्व सरपंच, महिलावास) सिवाणा
श्री रमेशकुमार सांखला, सिवाणा
श्री श्रवणलाल कच्छवाहा, लवेरा बावड़ी
संत श्री हजारीलाल गहलोत, जैतारण
श्री मदनलाल गहलोत, जैतारण
श्री राजूराम सोलंकी, जालोर
श्री जितेन्द्र जालोरी, जालोर
श्री देविन लच्छाजी परिहार, डीसा
श्री हितेशभाई मोहनभाई पंवार, डीसा
श्री प्रकाश भाई नाथालाल सोलंकी, डीसा
श्री मगनलाल गीगाजी पंवार, डीसा
श्री कांतिभाई गलबाराम सुंदेशा, डीसा
श्री नवीनचंद दलाजी गहलोत, डीसा
श्री शिवाजी सोनाजी परमार, डीसा
श्री पोपटलाल चमनाजी कच्छवाहा, डीसा
श्री भोगीलाल डायाभाई परिहार, डीसा
श्री मुकेश ईश्वरलाल देवड़ा, डीसा
श्री सुखदेव वक्ताजी गहलोत, डीसा
श्री दरगाजी अमराजी सोलंकी, डीसा
श्री भरतकुमार परखाजी सोलंकी, डीसा
श्री जगदीश कुमार रमाजी सोलंकी, डीसा
श्री किशोरकमुार सांखला, डीसा
श्री बाबूलाल गीगाजी टाक, डीसा

श्री देवचंद, रगाजी कच्छवाहा, डीसा
श्री सतीशकुमार लक्ष्मीचंद सांखला, डीसा
श्री गणपतलाल नारायण सोलंकी, डीसा
श्री रमेशकुमार भूराजी परमार, डीसा
श्री वीराजी चेलाजी कच्छवाहा, डीसा
श्री सोमाजी रूपाजी कच्छवाहा, डीसा
श्री शंकरलाल नारायणजी सोलंकी, डीसा
श्री फुलाजी परखाजी सोलंकी, डीसा
श्री अशोककुमार पुनमाजी सुंदेशा, डीसा
श्री देवाराम पुत्र श्री मांगीलाल परिहार, जोधपुर
श्री संपतसिंह पुत्र श्री बींजाराम गहलोत, जोधपुर
श्री भगवानराम पुत्र श्री अचलुराम गहलोत, जोधपुर
श्री जितेन्द पुत्र श्री प्रेमसिंह कच्छाहा, जोधपुर
श्री सीताराम पुत्र श्री रावतमल सैनी, सरदारशहर
श्री जीवनसिंह पुत्र श्री शिवराज सोलंकी, जोधपुर
श्री घेवरजी पुत्र श्री भोमजी, सर्वोदय सोसायटी, जोधपुर
श्री जयनाराण गहलोत, चौपासनी चारणान, मथानियां
श्री अशोककुमार, श्री लक्ष्मीनारायण सोलंकी, जोधपुर
श्री मोहनलाल, श्री पुरखाराम परिहार, चौखा, जोधपुर
श्री प्रेमकिशन पुत्र श्री भंवरलाल सोलंकी, चौखा
श्री हरीसिंह पुत्र श्री चुन्नीलाल गहलोत, जैसलमेर
श्री विजय परमार, तुषार मोटर्स एण्ड कंपनी, भीनमाल
श्री भंवरलाल पुत्र श्री किस्तुर सोलंकी, भीनमाल
श्री शिवलाल परमार, भीनमाल
श्री ओमप्रकाश परिहार, राजस्थान फार्मेसिया, जोधपुर
श्री प्रेमप्रकाश सैनी, मिलन रेस्टोरेण्ट, सीकर
श्री लक्ष्मीकांत पुत्र श्री रामलाल भाटी, सोजतरोड़
श्री रामअकेला, पुत्र श्री गोकुलराम सैनी, पीपाड़ शहर
श्री नरेश देवड़ा, देवड़ा मोटर्स, जोधपुर
श्री प्रेमसिंह सांखला, सांखला सिमेंट, जोधपुर
श्री कस्तुरराम पुत्र श्री हिमाजी सोलंकी, भीनमल
श्री सांवरराम परमार, भीनमाल
श्री भारताराम परमार, भीनमाल
श्री विजय पुत्र श्री गुमानराम परमार, भीनमाल
श्री डी. डी. पुत्र श्री भंवरलाल भाटी, जोधपुर
श्री ब्रजमोहन पुत्र स्व. श्री रामस्वरूप परिहार, जोधपुर
श्री प्रेमसिंह पुत्र श्री किशोरलाल परिहार, जोधपुर
श्री जयसिंह पुत्र श्री ओमदत्त गहलोत, जोधपुर
श्री मनोहरलाल पुत्र श्री मदनलाल गहलोत, जोधपुर
श्री समुन्द्रसिंह पुत्र श्री नारायणसिंह परिहार, जोधपुर
श्री हिम्मतसिंह पुत्र श्री हरीसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री हनुमानसिंह पुत्र श्री बालूराम सैनी, आदमपुरा
श्री अशोक सांखला, पीपाड़
श्री अशोक पुत्र श्री सोहन सांखला, जोधपुर
श्री नटवरलाल माली, जैसलमेर
श्री दिलीप तंवर, जोधपुर
श्री महेन्द्रसिंह पंवार, जोधपुर
श्री संपतसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री जगदीश सोलंकी, जोधपुर

श्री मुकेश सोलंकी, जोधपुर
श्री श्यामलाल गहलोत, जोधपुर
श्री अमित पंवार, जोधपुर
श्री राकेशकुमार सांखला, जोधपुर
श्री रविन्द्र गहलोत, जोधपुर
श्री रणजीतसिंह भाटी, जोधपुर
श्री तुलसीराम कच्छवाहा, जोधपुर
सैनी उच्च माध्यमिक विद्यालय, भोपालगढ़
माली श्री मोहनलाल परमार, बालोतरा
श्री अरविंद सोलंकी, जोधपुर
श्री सुनील गहलोत, जोधपुर
श्री कुंदनकुमार पंवार, जोधपुर
श्री मनीष गहलोत, जोधपुर
श्री योगेश भाटी, अजमेर
श्री रामनिवास कच्छवाहा, बिलाड़ा
श्री प्रकाशचंद सांखला, ब्यावर
श्री झूमरलाल गहलोत, जोधपुर
श्री गुमानसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री अशोक सोलंकी, जोधपुर
श्री महावीर सिंह भाटी, जोधपुर
श्री जयप्रकाश कच्छवाहा, जोधपुर
श्री अशोक टाक, जोधपुर
श्री नरेन्द्रसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री मदनलाल गहलोत, सालावास, जोधपुर
श्री नारायणसिंह कुशवाहा, मध्य प्रदेश
श्री भंवरलाल देवड़ा, बावड़ी, जोधपुर
श्री जवाराराम परमार, रतनपुरा (जालोर)
श्री रूड़ाराम परमार, सांचौर
श्री जगदीश सोलंकी, सांचौर
श्री कपूरचंद गहलोत, मुबंई
श्री टीकमचंद प्रभुराम परिहार, मथानिंया
श्री अरूण गहलोत, गहलोत क्लासेज, जोधपुर
श्री विमलेश नेनाराम गहलोत, मेड़तासिटी (नागौर)
श्री कैलाश ऊँकारराम कच्छवाहा, जोधपुर
माली (सैनी) सेवा संस्थान सब्जी मण्डी, पीपाड़
श्री मदनलाल सांखला, बालरंवा
श्री भीकाराम खेताराम देवड़ा, तिंवरी
श्री गणपतलाल सांखला, तिंवरी
श्री रामेश्वरलाल गहलोत, तिवंरी
श्री देवाराम हिरालाल माली, मुंबई,
श्री घनश्याम झुमरलाल टाक, खेजड़ला
श्री मिश्रीलाल जयनारायण कच्छवाहा, चौखा, जोधपुर
अखिल भारतीय माली (सैनी) सेवा सदन, पुष्कर
श्री सुगनाराम पुत्र श्री बुधाराम भाटी, पीपाड़ शहर
श्री पारसराम पुत्र श्री जयसिंह सोलंकी, जोधपुर
श्री रूपचंद पुत्र श्री भंवरलाल मरोठिया, पुष्कर
श्री धनाराम पुत्र श्री जुगाराम गहलोत,सालावास, जोधपुर
श्री कृपाराम पुत्र श्री आईदान सिंह परिहार, चौखा, जोधपुर

# माली सैनी सन्देश










## ही क्यों ?

**क्योंकि**

हमारे पास है सैकड़ों एन. आर. आई.
सहित पांच हजार पाठकों
का विशाल संसार

**क्योंकि**

हम बताते है सच्चाई तथा सामाजिक
गतिविधियों की संपूर्ण जानकारी
जो कि समाज में हो रही है।

## हमें विज्ञापन दीजिये

क्योंकि

हमारी क्रियेटिव टीम के साथ
यह सजाती है आपके ब्रांड को पूरे
देश ही नहीं विदेश में भी।

## घर बैठे माली सैनी संदेश मंगाने के लिए भर कर भेजें

### सदस्यता फार्म

दिनांक ____________

माली सैनी संदेश पत्रिका देश के प्रत्येक राज्य के प्रमुख शहरों के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में माली सैनी समाज के लोगों की जानकारियां आपको विगत 8 वषो से हर माह पहुंचाकर समाज के विभिन्न वर्गों में हो रहे समाज उत्थान एवं शिक्षा तथा अन्य क्षेत्र के विकास कार्यो की जानकारी प्रदान कर कर रहा है। समय समय पर समाज के विभिन्न आयोजनों की भी विस्तृत जानकारी पत्रिका के प्रकाशन के माध्यम से सभी को उपलब्ध कराई जार रही है। यहीं नहीं देश के बाहर विदेशों में रह रहे समाज बंधुओं को भी समाज की संपूर्ण जानकारी वेब-साईट के माध्यम से भी उपलब्ध कराई जा रही है। समाज की प्रथम ई-पत्रिका होने का गौरव भी आप सभी के सहयोग से हमें ही मिला है। हमारी वेब साईट www.malisaini.org में समाज के सभी वर्गों की विस्तृत जानकारियां उपलब्ध है। एवं www.malisainisandesh.com में हमारी मासिक ई- पत्रिका के वर्तमान एवं पूर्व के सभी अंकों का खजाना आपके लिए हर समय उपलब्ध है।

**डाक से नियमित रूप से निम्न पते पर माली सैनी संदेश पत्रिका भेजने के लिए डिमाण्ड ड्राफ्ट/ मनीआर्डर माली सैनी संदेश के नाम से भेज रहा हूं।**

### सदस्यता राशि

| दो वर्ष रु. 300/- | पांच वर्ष रु. 700/- | आजीवन रु. 3100/- |
|---|---|---|

नाम/संस्था का नाम ____________

पता ____________

फोन./मोबाईल ____________ ई-मेल ____________

ग्राम ____________ पोस्ट ____________ तहसील ____________

जिला ____________ पिनकोड ____________

राशि ( रूपये ) ____________ बैंक का नाम ____________

डिमाण्ड ड्राफ्ट/मनीआर्डर क्रमांक ____________ ( डीडी/एमओ माली सैनी संदेश के नाम से भेजें )

अत: मुझे/हमें भी अंग्राकित पते पर माली सैनी संदेश पत्रिका डाक द्वारा भेजें।

दिनांक ____________

हस्ताक्षर

सदस्यता हेतु लिखे : - प्रसार प्रभारी

**माली सैनी संदेश पोस्ट बॉक्स नं. 9, जोधपुर**

3, जवरी भवन, भैरूबाग मंदिर के सामने, महावीर काम्प्लेक्स के पीछे, सरदारपुरा, जोधपुर ( राज. )

Mobile : 9414475464/9214075464 visit us www,malisainisandesh.com
www.malisaini.org E-mail : malisainisandesh@gmail.com; editor@malisaini.org

## RATES

Advertisements

COLOR (Full Page)

| | |
|---|---|
| Back Cover | 6,000/- |
| Inside Cover | 4,000/- |
| Color Page | 2,500/- |

BLACK

| | |
|---|---|
| Full Page | 2,500/- |
| Half Page | 1,500/- |
| Quarter Page | 1,000/- |

write us : P. O. Box 09, Jodhpur
Cell : 94144 75464, 92140 75464
log on : www.malisainisandesh.com
e-mail : malisainisandesh@gmail.com
e-mail : editor@malisaini.org

कार्यालय : 3, जवरी भवन, भैरूबाग मंदिर के सामने, महावीर काम्पलेक्स के पीछे, सरदारपुरा, जोधपुर

# बर (पाली) में आयोजित माली सैनी समाज सामुहिक विवाह की झलकियां












RNI Regd No. RAJHIN/2013/60831



श्री माधोपुर में स्वतंत्रता सैनानी श्री बालूराम सैनी के निवास पर मुलाकात करते श्री अशोक गहलोत





राजस्थान के कृषि मंत्री श्री प्रभुलाल सैनी हिड़ोली के ग्राम बूंदी में माली समाज के सामुदियक भवन का लोकार्पण करते हुए



पूर्व विधायक स्व. श्री रामेश्वरलाल सैनी के प्रतिमा अनावरण समारोह में पूर्व मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत व परिवारजन




अखिल भारतीय महात्मा फुले समता परिषद द्वारा पुण्यतिथि पर समता पुरस्कार प्रदान करते श्री छगन भुजबल



राजस्थान के कृषि मंत्री श्री प्रभुलाल सैनी का माली समाज भीलवाड़ा द्वारा स्वागत



श्री बुधाराम टाक बने माली सैनी सेवा संस्थान सब्जी मण्डी, पीपाड़ के अध्यक्ष



माली सैनी संस्था, अजमेर द्वारा नि:शुल्क कोचिंग सेंटर का शुभारंभ जिला शिक्षा अधिकारी श्री सुशील कुमार गहलोत द्वारा किया गया। साथ में अध्यक्ष राजेश भाटी एवं पदाधिकारी



माली समाज विकास संस्थान बस्सी की स्मारिका का विमोचन करते ओ. पी. सैनी ( आई. ए. एस. )



श्री प्रेम प्रकाश सैनी बने महात्मा ज्योति बा फुले शिक्षण संस्थान, सीकर के अध्यक्ष साथ में अन्य पदाधिकारी

स्वत्वाधिकारी सम्पादक / मालिक / प्रकाशक / मुद्रक मनीष गहलोत के लिए
भण्डारी ऑफसेट, न्यू पॉवर हाऊस सेक्टर 7,
जोधपुर से छपवाकर माली सैनी संदेश कार्यालय
सोजती गेट के अंदर, जोधपुर से प्रकाशित।
फोन : 9414475464 ई-मेल : malisainisandesh@gmail.com

पत्र व्यवहार के लिए पता
P.O. Box No. 09, JODHPUR